page 1_Layout 1 02-11-2026 21:32 Page 1

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » मंगलवार, 3 नवम्बर 2026 » वर्ष : 01 अंक :191 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

अनमोल वचन

'मानसिक निर्बलता को दूर करके मजबूत मन से निर्णय लेने चाहिए।'



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



172 जिन्दगियों के संकट मोचन कैप्टन स्मित मच्छर

घायल होने के बावजूद नहीं छोड़ा हौसला

भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर ने 30 सितंबर 2026 को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में असाधारण साहस दिखाया। रिपोर्टों के अनुसार, विमान के सह-पायलट ने उन पर हमला किया और विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश की। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद स्मित ने स्थिति संभालने में मदद की और 172 यात्रियों तथा क्रू सदस्यों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके साहस की प्रशंसा की। इजरायल के राष्ट्रपति ने भी उन्हें नागरिक वीरता के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की।

'युद्ध नशेआं विरुद्ध': पंजाब पुलिस ने राज्य में कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन (CASO) शुरू

नशा विरोधी अभियान के तहत मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण

भगवंत मान सरकार ने पंजाब में नशा विरोधी अभियान को ज़मीनी स्तर तक पहुँचाया

- **जिला स्तरीय टीमों के समन्वय से पंजाब पुलिस द्वारा चलाए जा रहे कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशंस**

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/सुकून महाजनः भगवंत मान सरकार की 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' पहल के तहत शनिवार को राज्य के 23 जिलों में समन्वित कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन (CASO) चलाए गए। पंजाब पुलिस, नागरिक प्रशासन और नशा मुक्ति मोर्चा द्वारा चलाया गया यह व्यापक अभियान पंजाब सरकार के नशे के ख़िलाफ़ 60 दिवसीय मिशन-मोड अभियान का एक प्रमुख हिस्सा है।

इन अभियानों का उद्देश्य मादक पदार्थों का पता लगाना, संदिग्ध नशा तस्करों की पहचान करना और अवैध नशा कारोबार के ख़िलाफ़ कार्रवाई को मज़बूत करना है। इन प्रयासों के साथ-साथ, अधिकारियों ने मेडिकल स्टोरों का भी निरीक्षण किया, ताकि नशीले पदार्थों के रूप में इस्तेमाल की जा सकने वाली दवाओं की अवैध बिक्री और दुरुपयोग की जाँच की जा सके। अभियानों के दौरान, पुलिस टीमों ने संवेदनशील स्थानों तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जाँच की। इसके साथ ही, चिन्हित नशा सेवन स्थलों को मुक्त करवाने के लिए कार्रवाई की गई, संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और स्थानीय नागरिक समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के समक्ष मामले उठाए गए।पुलिस अधिकारियों और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों के साथ बातचीत भी की तथा नशे के ख़िलाफ़ जनसहयोग और सामुदायिक सतर्कता को बढ़ावा देने के लिए ग्राम रक्षा समितियों के साथ समन्वय मज़बूत किया। नशा मुक्ति मोर्चा (NMM) के दोआबा ज़ोन समन्वयक अतिन अग्निहोत्री ने कहा, नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए हमने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (SSPs) और उप पुलिस अधीक्षकों (DSPs) के साथ समन्वय शुरू कर दिया है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएँगे।' उन्होंने आगे बताया कि दोआबा क्षेत्र के कपूरथला, होशियारपुर, नवांशहर और जालंधर ज़िलों में ज़िला स्तरीय टीमें इस अभियान में सहयोग कर रही हैं। मालवा ईस्ट की समन्वयक अनु बब्बर ने कहा, ÷हमारे ज़ोन में कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन (CASO) पूरी गति से चल रहे हैं।

बांग्लादेश में हिंसक आंदोलन

सड़कों पर आगजनी-तोड़फोड़, संकट में तारिक रहमान सरकार



डेली आवाज भारती

बांग्लादेश। गारमेंट उद्योग के मजदूरों का प्रदर्शन लगातार हिंसक होता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने राजमार्गों को जाम कर दिया और पुलिस की कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। सार्वजनिक संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया गया है। सोशल मीडिया पर पुलिस की गोली से 10 साल के बच्चे की मौत का दावा किया जा रहा है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इस दावे को लेकर अभी सावधानी बरतने की जरूरत है। मजदूर वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इस आंदोलन का असर देश के गारमेंट उद्योग पर पड़ रहा है, जो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। देश के कुल निर्यात में कपड़ा उद्योग की हिस्सेदारी करीब 80 फीसदी है। इस क्षेत्र में लगभग 40 लाख लोग काम करते हैं और जीडीपी में इसका योगदान करीब 10 फीसदी है। श्रम मंत्री आरिफुल हक चौधरी ने एक नवंबर को छह सदस्यीय न्यूनतम वेतन बोर्ड बनाने की घोषणा की थी। उन्होंने मजदूरों से काम पर लौटने की अपील भी की, लेकिन प्रदर्शन थमे नहीं हैं। गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने आरोप लगाया है कि शेख हसीना और सीमा पार बैठे कुछ लोग मजदूरों को उकसाकर देश में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका मकसद गारमेंट उत्पादन और निर्यात को प्रभावित करना है। श्रम मंत्री ने भी हिंसा के पीछे अवामी लीग समर्थकों का हाथ होने का आरोप लगाया। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों से जूझ रही है।

एपेक शिकर सम्मेलन में होगी राष्ट्रपति पुतिन और शी जिनपिंग की अहम बैठक : दिमित्री पेसकोव

डेली आवाज भारती



मॉस्को। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि चीन के साथ होने वाली बैठकों का रूस हमेशा स्वागत करता है। एपेक शिकर सम्मेलन में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात की तैयारियां चल रही हैं। इस बैठक का सभी को बेसब्री से इंतजार है। रूसी समाचार एजेंसी 'तास' की रिपोर्ट के अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्तने बताया कर्ो इस बैठक की तैयारियों की पुष्टि हो चुकी है। हम इस मुलाकात का इंतजार कर रहे हैं। पेसकोव ने कहा कि चीन के साथ होने वाली शीर्ष स्तर की बैठकों का रूस हमेशा स्वागत करता है और हर बार उनका इंतजार रहता है। पेसकोव के अनुसार, एपेक शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति पुतिन के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने का काम अभी चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में रूस लगातार आयोजकों और चीनी पक्ष के संपर्क में है। पेसकोव ने कहा कि फिलहाल एपेक शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच संभावित त्रिपक्षीय बैठक को लेकर कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 18वें ब्रों के स शिखर सम्मेलन में साथ दें खे थे। यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन भारत की अध्े यक्षता में 12-13 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ था।

कैपिटल गेन टैक्स को लेकर विदेशी निवेशकों की चिंताएं सुनेगी सरकार : वित्त मंत्री सीतारमण

- **कहा, बाजार में बदले माहौल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने कर ढांचे में बदलाव को मांगों को तेज कर दिया**

डेली आवाज भारती



मुंबई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सरकार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कैपिटल गेन टैक्स लेकर चिंताओं को सुनेगी और उसके बाद ही कोई फैसला लेगी। देश की आर्थिक राजधानी में फाइनेंशियल एक्सप्रेस लीडरशिप अवार्ड्स में बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि बाजार में बदले माहौल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने कर ढांचे में बदलाव को मांगों को तेज कर दिया है। हालांकि, वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि मौजूदा कर ढांचा 2023 में भी वही था, जब भारत में रिकॉर्ड विदेशी निवेश आया था। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा,2023 में भी, जब निवेश का प्रवाह रिकॉर्ड स्तर पर था, तब भी टैक्स का ढांचा वैसा ही था जैसा आज है। आज हालात बदल गए हैं। एफआईआई की निकासी हुई है और चिंताएं भी बढ़ गई हैं। मैं इन सब बातों पर विचार करूंगी। वित्त मंत्री ने संकेत दिया कि सरकार मौजूदा टैक्स व्यवस्था में कोई भी बदलाव करने से पहले कई पहलुओं पर विचार करेगी और साथ ही वैश्विक निवेशकों द्वारा जताई गई चिंताओं को भी ध्यान में रखेगी। इसके अलावा वित्त मंत्री ने भरोसा जताया कि टाटा समूह के भीतर चल रहे मुद्दे - जिनमें चेयरमैन की दोबारा नियुक्ति को लेकर मतभेद और टाटा संस की प्रस्तावित लिस्टिंग शामिल हैं - आपसी बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से सुलझा लिए जाएंगे। वित्त मंत्री सीतारमण ने इस मामले को एक संवेदनशील मुद्दा बताया, जिसमें महत्वपूर्ण व्यावसायिक और कारोबारी पहलू शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इसे सार्वजनिक रूप से विवाद करने के बजाय संबंधित पक्षों को आपस में सुलझा लेना चाहिए। भारतीय अर्थव्यवस्था में टाटा समूह के महत्व को रेखांकित करते हुए, उन्होंने समूह की वैश्विक ब्रांड वैल्यू, इसे खड़ा करने में पारसी समुदाय के योगदान और उन विभिन्न क्षेत्रों का जिक्र किया जिनमें टाटा की कंपनियां काम करती हैं। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, ÷मैं टाटा की ब्रांड वैल्यू और इसे एक बड़ा वैश्विक ब्रांड बनाने में पारसी समुदाय के योगदान को जानती हूं। मुझे यह भी पता है कि टाटा समूह किन-किन क्षेत्रों में सक्रिय है। इसलिए, यह भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बहुत ही अहम हिस्सा है।

बेल्जियम में बजट संकट से गिरी सरकार, प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने दिया इस्तीफा

बेल्जियम। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने लंबे समय से जारी बजट संकट के गहराने के बीच सोमवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया, लेकिन राजा फिलिप ने अभी यह फैसला नहीं किया है कि वह उनका इस्तीफा स्वीकार करेंगे या नहीं। रूढ़िवादी फ्लेमिश समुदाय के राष्ट्रवादी नेता डी वेवर ने भारी कर्ज से जूझ रहे बेल्जियम की बजट संबंधी समस्याओं से निपटने के संकल्प के साथ पदभार संभाला था, लेकिन वह अपनी योजनाओं के लिए पांच दलों वाली गठबंधन सरकार के अन्य सदस्यों का समर्थन हासिल करने में नाकाम रहे। बेल्जियम के रॉयल पैलेस ने पुष्टि की कि डी वेवर ने 'अपनी सरकार के भीतर बजट वार्ता विफल होने के बाद' इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रीय सरकारों के गठन की प्रक्रिया की निगरानी करने वाले राजा ने इसे स्वीकार करने या नहीं करने के बारे में अभी 'फैसला नहीं लिया' है।



राहुल गांधी ने पीएम मोदी को दी खुली बहस की चुनौती

- **बोले- विदेशी मदद से बने प्रधानमंत्री**

डेली आवाज भारती



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विपक्ष पर देश को अस्थिर करने के लिए विदेशी मदद लेने का आरोप लगाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सोमवार को पलटवार किया और उन्हें इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती दी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने मोदी पर ÷विदेशी मदद÷ से प्रधानमंत्री की कुर्सी हासिल करने का आरोप भी लगाया। राहुल ने %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, ÷मोदीजी, देश से झूठ बोलना बंद कीजिए। आप विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने और विदेशी मदद से ही प्रधानमंत्री बने हुए हैं।÷ उन्होंने आरोप लगाया, ÷आपकी आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से विदेशियों के नियंत्रण में है और उसे उनका समर्थन हासिल है। विदेशी सोशल मीडिया पूरी तरह से आपके साथ खड़ा है।÷ राहुल ने कहा, ÷मैं आपको इस मुद्दे पर खुली बहस की चुनौती देता हूं। कोई भी मंच, किसी भी समय। हिम्मत है तो आइए। आप नहीं आएंगे, क्योंकि जो मैं आपके बारे में जानता हूं, आप उससे डरते हैं।÷ प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को अपनी गुजरात यात्रा के दौरान आरोप लगाया था कि भारत-विरोधी ताकतें देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं और अफवाहें फैलाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा था, ÷जब देश बाहरी चुनौतियों का समाधान तलाश रहा है, तब देश के भीतर भी कुछ ताकतें झूठ और अफवाह फैलाकर अस्थिरता पैदा कर रही हैं।

अगली अकाली दल सरकार सभी सरकारी टेंडरों में 'मेड इन पंजाब' उत्पादों के लिए विशेष कोटा रखेगी: सुखबीर सिंह बादल

- **सभी नई इकाइयों को राज्य जीएसटी बनाए रखने की अनुमति दी जाने की घोषणा की**

डेली आवाज भारती



फतेहगढ़ साहिब/नाभा/चंडीगढ़,: शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने आज घोषणा की है कि अगली अकाली दल सरकार राज्य उद्योग को बे ावा देने के लिए सभी सरकारी खरीद के लिए 'मेड इन पंजाब' उत्पादों के लिए विशेष कोटा रखेगी। अकाली दल अध्यक्ष ने फतेहगे साहिब और नाभा में व्यापारियों के साथ बहुत सफल बातचीत की। उन्होंने घोषणा की कि अगली अकाली दल सरकार लघु एवं मध्यम उद्योगों को बे ैमाने पर प्रोत्साहित करेगी। उन्होने कहा,'' हम इन श्रेणियों में सभी नई इकाइयों को राज्य जीएसटी बनाए रखने की अनुमति देंगें हम इंस्पेक्टर राज को खत्म कर देंगें।'' उन्होने घोषणा की कि पूरे औद्योगिक क्षेत्र को 5 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली की आपूर्ति की जाएगी और राहत योजना को फिर से शुरू किया जाएगा। उन्होने कहा,'' इस योजना से व्यापारियों को हिसाब-किताब रखने की आवश्यकता खत्म हो जाएगी और वे एकमुश्त टैक्स का भुगतान करके अपनी देनदारियों को पूरा करने में सक्षम होंगें।'' यह कहते हुए कि अकाली दल अपने नागरिकों पर भरोसा करने में विश्वास करता है, सरदार बादल ने कहा,''हम इंस्पेक्टर राज को हमेशा के लिए समाप्त कर देंगें। कोई भी सरकारी अधिकारी आपके परिसर में आकर आपको परेशान नही करेगा।'' वह फतेहगे साहिब सिलाई मशीन एसोसिएएसन के बलवंत सिंह सहित औद्योगिक संघ के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। सरदार बादल ने घोषणा की कि अगली अकाली दल सरकार सरहिंद में एक फोकल प्वाइंट स्थापित करेगी। उन्होने कहा,'' हम इस शहर के भौगोलिक लाभों के बारे समझते हैं और एक हजार एके जमीन पर एक फोकल प्वाइंट बनाकर इसका फायदा उठाना चाहते हैं।'' इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यह सब सही चुनाव करने पर ही संभव हो सकता है, अकाली दल अध्यक्ष ने कहा,'' आपको अगले मुख्यमंत्री के लिए सही उम्मीदवार का चुनाव करना होगा। एक गलत फैसला पांच और साल बर्बाद कर सकता है।'' उन्होने व्यापार और उद्योग जगत से पूर्ववर्ती अकाली दल सरकार की कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सरकार के साथ किए गए कार्यो का विश्लेषण करने का आग्रह किया। उन्होने कहा,'' अकाली दल ने पंजाब को सरप्लस बिजली प्रदान की, वर्ल्ड क्लास से क नेटवर्क बनाया, हवाई अडडों का निर्माण किया और राज्य में निवेश लाया इसीलिए आपको अगले चुनावों में अकाली दल सरकार को सत्ता में लाना चाहिए।'' इस अवसर पर अकाली दल अध्यक्ष के साथ बातचीत करने वालों में ट्रक बिल्डर एसोसिएशन के मैंबर, जिन्होने रोड टैक्स में कमी की मांग की।

दिल्ली की हवा बेहद खराब, 324 पर एक्यूआई

- **सीएक्यूएम ने पूरे एनसीआर में ग्रैप-2 किया लागू**

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दैनिक एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार, 2 नवंबर को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 324 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में तत्काल प्रभाव से ग्रैप के चरण-ढ्ढ्ढ को लागू करने का फैसला किया है। सीएक्यूएम की ग्रैप को लागू करने के लिए बनी उप-समिति ने बैठक में मौजूदा वायु गुणवत्ता की स्थिति और आईएमडी/ आई आईटीएम द्वारा दिए गए पूर्वानुमान की समीक्षा की।

होर्मुज में 2 तेल टैंकरों में ब्लास्ट

ईरान की हरी झंडी के बावजूद पाकिस्तानी जहाज पर भी हमला, 6 भारतीयों सहित 25 लोग थे सवार

डेली आवाज भारती

तेहरान। दुनिया के सबसे अहम समुद्री ऊर्जा मार्गों में शामिल होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले कतर से पाकिस्तान जा रहे एलएनजी जहाज 'अल मयेडा' पर प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ और अब ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की नौसेना ने दावा किया है कि यहां से गुजरने की कोशिश कर रहे दो तेल टैंकर में भीषण धमाके हुए। इनमें एक विशाल सुपरटैंकर भी शामिल है, जिसमें धमाके के बाद आग लग गई। ईरानी नौसेना का आरोप है कि जहाजों ने अपना पहचान और दिशा बताने वाला तंत्र बंद कर रखा था। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने कतर से एलएनजी लेकर आ रहे जहाज 'अल मयेडा' को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकालने के लिए ईरान से बातचीत की थी।



जहाज पर 25 लोग सवार, 6 भारतीय भी शामिल

भारत के केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि जहाज को प्रक्षेपास्त्र से निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि जहाज पर सवार सभी 25 सदस्य सुरक्षित हैं। इनमें छह भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।

मजीठिया ने आम आदमी पार्टी, गुरु विरोधी मुख्यमंत्री, डीजीपी और आईएसआई के गठजोड़ से पंजाब में चल रहे नशे के नेटवर्क का किया पर्दाफाश

- **कहा, लवजीत सिंह को सरकार ने छह महीने के भीतर ही बाहर निकलवा दिया, जिसके पास से हेरोइन और हथियार बरामद हुए थे**

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सरदार बिक्रम सिंह मजीठिया ने नशे के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी आप सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मजीठिया ने तथ्यों के साथ आम आदमी पार्टी, मुख्यमंत्री, डीजीपी और आईएसआई के कथित गठजोड़ से पंजाब में चल रहे नशे के नेटवर्क का पर्दाफाश करने का दावा किया। यह गंभीर मामला अमृतसर के मजीठा विधानसभा क्षेत्र के गांव कोट हिरदे राम से गिरफ्तार किए गए आप नेता लवजीत सिंह से जुड़ा है। पुलिस ने उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी से भारी मात्रा में हेरोइन (लगभग 4 से 4.5 किलोग्राम) और अवैध हथियार बरामद किए थे। मजीठिया ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी पर तीखे राजनीतिक हमले किए। मजीठिया ने कहा कि पाकिस्तान से पंजाब में ड्रग्स और हथियार लाने वालों को झाड़ू वाली सरकार, उसका मुख्यमंत्री और पंजाब पुलिस बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लवजीत सिंह, जिसके पास से हेरोइन और हथियार बरामद हुए थे, उसे सरकार ने छह महीने के भीतर ही बाहर निकलवा दिया। इसकी वजह यह थी कि करोड़ों रुपये की हेरोइन तस्करी के इस मामले के तार बहुत ऊपर तक जुड़े हुए थे और इसमें करोड़ों-अरबों रुपये के लेन-देन का खुलासा भी हो सकता था। उन्होंने कहा कि नशे के साथ पकड़ा गया लवजीत सिंह मजीठा विधानसभा क्षेत्र के इंचार्ज का पीए रह चुका है। इसके अलावा वह आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे कथित और झूठे 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान का कप्तान भी था। लेकिन नशा खत्म करने के बजाय वह खुद सरकार के संरक्षण में नशे की तस्करी कर रहा था।

CMYK

page 2_Layout 1 02-11-2026 19:41 Page 1

हरियाणा की प्रगति और जनता की खुशहाली हमारी साझा मंजिल : नायब सिंह सैनी

कहा, हीरक जयंती समारोह में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने पधार कर हरियाणा की जनता को अपना आर्शीवाद दिया

- कहा, हरियाणा की 60 वर्षों की विकास यात्रा केवल सड़कों, संस्थानों और उद्योगों के विस्तार की कहानी नहीं है, बल्कि इसमें किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों की मेहनत भी शामिल



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक राहें और विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन हरियाणा की प्रगति और प्रदेश के लोगों की खुशहाली सभी की साझा मंजिल है। हम सभी की पहचान इस बात से है कि हम हरियाणा की जनता के प्रतिनिधि हैं। जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री सोमवार को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में हरियाणा विधानसभा द्वारा संविधान पखवाड़े के तहत आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर लिए हैं। हीरक जयंती के इस अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति से इसकी गरिमा बढ़ी है और संसदीय प्रक्रियाओं, सदन की मर्यादा तथा जनप्रतिनिधियों के दायित्वों पर उनका मार्गदर्शन सभी के लिए मूल्यवान है। उन्होंने कहा कि हीरक जयंती समारोह में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने पधार कर हरियाणा की जनता को अपना आर्शीवाद दिया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की 60 वर्षों की विकास यात्रा केवल सड़कों, संस्थानों और उद्योगों के विस्तार की कहानी नहीं है, बल्कि इसमें किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं और आम नागरिकों की मेहनत भी शामिल है। खेतों की हरियाली से उद्योगों की ऊंचाइयों तक, गांवों की पगडंडियों से आधुनिक एक्सप्रेस-वे तक और अखाड़ों की मिट्टी से विश्व के खेल मंचों तक हरियाणा ने अपने परिश्रम, साहस और संकल्प से प्रगति के नए अध्याय लिखे हैं। प्रदेश की उपलब्धियों की नींव उन चर्चाओं, निर्णयों और कानूनों से भी पड़ी है, जिन्हें जनप्रतिनिधियों ने विधानसभा में आकार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 नवंबर, 1966 को हरियाणा अस्तित्व में आया था और उस समय विधानसभा में 54 सदस्य थे। वर्ष 1967 में विधानसभा सीटों की संख्या 81 हुई और वर्ष 1977 में बढ़कर 90 हो गई। उन्होंने कहा कि इन सीटों में आज बढ़ोतरी की आवश्यकता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी हो सके और आम जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश 15वीं विधानसभा के दौर में अपनी लोकतांत्रिक यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। ये आंकड़े प्रतिनिधित्व के विस्तार और जनता की आकांक्षाओं के बढ़ते दायरे को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर, 1966 को हरियाणा विधानसभा की पहली बैठक हुई थी। उस समय संसाधन सीमित थे और शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, बिजली, सड़क तथा प्रशासनिक व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना बड़ी चुनौती थी।

भक्ति, सेवा और समाज कल्याण का पावन संगम बना भक्ति भजन ग्रुप की तरफ से आयोजित विशेष धार्मिक समारोह

लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक विचारधारा से जोडऩे के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों के लिए प्रेरित करना रहा समारोह का उद्देश्य

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर में भक्ति, सेवा और समाज भलाई के उद्देश्य से भक्ति भजन ग्रुप के संस्थापक धर्मपाल बांसल के नेतृत्व में एक विशाल धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य लोगों को धार्मिक और आध्यात्मिक विचारधारा से जोडऩे के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों के लिए प्रेरित करना था। समारोह की शुरुआत दीपमाला प्रज्वलित कर की गई। मालूम हो कि धर्मपाल बांसल डायरेक्टर एस.बी.एस. कॉलेज ऑफ नर्सिंग और हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फिरोजपुर द्वारा लंबे समय से धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ े र योगदान दिया जा रहा है औरर उनका मानना है कि मानव जीवन में भक्ति के साथ-साथ समाज सेवा का भी विशेष महत्व है। जरूरतमंदों की मदद करना, लोगों को अच्छे संस्कारों से जोडऩा और समाज में आपसी प्रेम व भाईचारे की भावना बढ़ाना ही सच्ची सेवा है। समारोह में शहर के प्रख्यात नेताओं, धार्मिक हस्तियों और गणमान्य व्यक्तियों ने विशेष रूप से शिरकत की। जिनमें महंत बलदेव गिरी जी महाराज (श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा), स्वामी विद्यानंद जी (डेरा बाबा धनी राम फिरोजपुर), राहुल बजाज बाबा जी (श्री बाला धाम फिरोजपुर), डा.अनिल स्वामी जी (मां वैष्णो देवी जी के परम भक्त), पवन कालिया (सीनियर ज्योतिषी), पंडित देविंदर पांडे जी, सुरमिष्ठा दीदी, डिंपल दीदी (ब्रह्म कुमारि संगठन), परमिंदर सिंह पिंकी (पूर्व विधायक फिरोजपुर शहरी), राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी (पूर्व कैबिनेट मंत्री फिरोजपुर), डा.कमल बागी (चेयरमैन ए.बी.एच फिरोजपुर), ललित कुमार (सीनियर हेड, सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल, फिरोजपुर, अशोक सचदेवा (प्रधान, नगर कौंसिल, फिरोजपुर शहर) आदि शामिल रहे। समारोह के दौरान विशेष आकर्षण का केंद्र आराधना पथ पुस्तक का विमोचन रहा। इस मौके पर आए हुए संत समाज द्वारा पुस्तक को रिलीज किया गया। इस पुस्तक के माध्यम से धर्मपाल बांसल द्वारा धार्मिक विचारों, आध्यात्मिक ज्ञान और प्रभु भक्ति के संदेश को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसके अलावा धर्मपाल बांसल जी द्वारा भजन (सच्चा तूं करतार, सब का पालनहार, तेरे दर को छोड़ के किस दर जाऊं) भी रिलीज किए गए। इन भजनों का मुख्य उद्देश्य संगत को प्रभु भक्ति से जोडऩा और सनातन धर्म के संदेश का प्रचार-प्रसार करना है। भक्ति भजन ग्रुप द्वारा समाज सेवा की भावना को मुख्य रखते हुए सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल फिरोजपुर के प्रिंसिपल साहिब को जरूरतमंद बच्चों की स्कूल फीस का चेक भेंट किया गया। जरूरतमंद महिलाओं को अपना रोजगार चलाने के लिए सिलाई मशीनें भी वितरित की गई। भक्ति भजन ग्रुप द्वारा लगातार किए जा रहे ऐसे समाज भलाई के कार्यों की शहरवासियों द्वारा भरपूर सराहना की गई।

आदेशों की उल्लंघना करके तीन लोगों ने पराली को लगाई आग

- पुलिस ने पंजाब प्रदूषण कंट्रोल सैटेलाईट से मिली सूचना पर दर्ज किए मामले

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम एवं थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन प्रशासन व सरकार के आदेशों की उल्लंघना करके धान की कटाई के पश्चात पराली को आग लगाने वाले 2 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की सूचना के अधार पर मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह और गुरदीप सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड सैटेलाईट की तरफ से गांव हामद वाला और गट्टी मतड़ में अज्ञात लोगों की तरफ से धान के पश्चात खेतों में बचने वाली पराली को आग लगाई गई है। जबकि एक अन्य मामले संबंधी थाना गुरुहरसहाय के एएसआई जसपाल सिंह ने बताया कि उन्हें पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड सैटेलाईट से गश्त के दौरान क्षेत्र में सरकारी आदेशों की उल्लंघना करके खेतों में धान कटाई के पश्चात पराली को आग लगाने संबंधी सूचना मिली थी।

स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सिविल सर्जन ने बैठक की

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डायरैक्टर पंजाब द्वारा दिए गए निर्देशों को लागू करने की दी हिदायत

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डायरैक्टर पंजाब डा.अनिल गोयल की अध्यक्षता में हुई सिविल सर्जन वीडियो कांफ्रेंस के दौरान मिले दिशा-निर्देशानुसार आज सिविल सर्जन फिरोजपुर डा.परमिंदर सिंह द्वारा कार्यालय सिविल सर्जन में सभी कार्यक्रम अधिकारियों और विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों के साथ विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा कार्यालयी कार्य के लक्ष्यों की प्राप्ति संबंधी समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डा.परमिंदर सिंह द्वारा पंजाब सरकार की स्वास्थ्य क्रांति के तहत चल रहे आम आदमी क्लीनिकों में उपलब्ध कराई जा रही मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, लिंग अनुपात में सुधार, गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की बेहतर स्वास्थ्य देखभाल तथा सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में संस्थागत प्रसवों को प्रोत्साहित करने संबंधी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों और कार्यालय के स्टाफ को हिदायत देते हुए कहा कि आम जनता की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों से संबंधित कोई भी काम लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी नियमों और निर्धारित समय के अनुसार काम किया जाए। पंजाब सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य जन-कल्याण योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान सहायक सिविल सर्जन डा.सुष्मा ठक्कर ने सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित निगरानी और जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला परिवार कल्याण अधिकारी डा.विवेक रज़ौरा ने कहा कि लिंग अनुपात में सुधार, माता एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और संस्थागत प्रसवों को प्रोत्साहित करना विभाग की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं और इसके लिए सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ काम करें।

लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता की एकजुटता महत्वपूर्ण संदेश : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



सिरसा। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी ने यह संदेश दिया है कि देश की जनता अपने मताधिकार, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा को लेकर सजग है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित महारैली ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता को प्रमुखता से सामने रखा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों का संतोषजनक जवाब मिलना लोकतंत्र के प्रति जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सांसद ने मुख्य चुनाव आयुक्त की जवाबदेही तय करने और नैतिक आधार पर उनके इस्तीफे की मांग दोहराई। सांसद ने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष किसी संस्था को कमजोर करने के लिए नहीं, बल्कि उसकी स्वतंत्रता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए है। लोकतंत्र में जनता का विश्वास सर्वोपरि है और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कुमारी सैलजा ने हरियाणा, उत्तराखंड सहित देशभर से महारैली में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं, समर्थकों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस अपनी आवाज सड़क से संसद तक शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से उठाती रहेगी। सांसद ने कहा कि हमारा संकल्प स्पष्ट है मताधिकार सुरक्षित रहेगा, तभी लोकतंत्र मजबूत रहेगा।

ट्रैक्टर-ट्राली एवं मोटरसाईकिल की टक्कर में व्यक्ति की हुई मौत,महिला जख्मी

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने बीते दिन गांव पिंडी के नजदीक ट्रैक्टर-ट्राली और मोटरसाईकिल के बीच हुई टक्कर में एक व्यक्ति की मौत होने और महिला के जख्मी हो जाने के मामलें में शिकायतकर्ता के बयान पर दोषी के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एस.आई बलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में बलकार सिंह पुत्र कश्मीर सिंह वासी बुकनखां वाला ने बताया कि वह मोटरसाईकिल नंबर पीबी-05एक्स-58788 पर सवार होकर फिरोजपुर से जलालाबाद रिशतेदारी में जा रहे थे तो शाम के समय फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर क्लसी मशीनरी स्टोर (वर्कशाप) पिंडी के पास पहुंचे तो 1 ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने अचानक से मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता कश्मीर सिंह व उसकी माता सुरजीत कौर को काफी चोटें लगी और उसके पिता कश्मीर सिंह की मौत हो गई।

पंजाब : होशियारपुर में पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा के घर ईडी की रेड, सुबह 5 बजे पहुंची टीम

डेली आवाज भारती



होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दबिश दी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 5 बजे ईडी की टीमें उनके आवास पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी। इस दौरान सुंदर शाम अरोड़ा अपने घर के अंदर ही मौजूद थे। बताया जा रहा है कि तीन से चार गाड़ियों में सवार होकर केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी उनके आवास पर पहुंचे। अधिकारियों के साथ सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के जवान भी हैं। फिलहाल इस कार्रवाई को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। ईडी की टीम किस मामले में पहुंची है और क्या कार्रवाई की जा रही है, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। एजेंसी की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है। गौरतलब है कि सुंदर शाम अरोड़ा के ठिकानों पर पहले भी जांच एजेंसियों की कार्रवाई हो चुकी है। पूर्व में उनके खिलाफ आयकर विभाग और विजिलेंस की जांच हो चुकी है। मंत्री पद पर रहते हुए उन पर कई मामलों में भ्रष्टाचार और घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे। एक चर्चित मामले में पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने सुंदर शाम अरोड़ा को विजिलेंस अधिकारी को 50 लाख रुपये की रिश्वत देने के आरोप में गिरफ्तार किया था। यह मामला अभी भी अदालत में विचाराधीन है। इसके अलावा भी उन पर कई अन्य आरोपों की जांच चल रही है।

सोमवार सुबह हुई ईडी की इस रेड के बाद होशियारपुर की सियासत में हलचल तेज हो गई है। फिलहाल ईडी की टीम घर के अंदर दस्तावेजों की जांच कर रही है। सूत्रों का कहना है कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े किसी मामले में हो सकती है। हालांकि इस पूरे मामले में एजेंसी की ओर से आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

पंजाब में 'आप' को एक और झटका, अमृतसर नॉर्थ से विधायक कुंवर विजय प्रताप का इस्तीफा

डेली आवाज भारती



पंजाब। आम आदमी पार्टी (आप) को पंजाब में एक और बड़ा झटका लगा है। पटियाला जिले के दो विधायकों के बाद अमृतसर नॉर्थ से आम आदमी पार्टी के विधायक कुंवर विजय प्रताप ने इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि वह पिछले काफी समय से पार्टी नेतृत्व से नाराज चल रहे थे। इसी नाराजगी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया है। कुंवर विजय प्रताप सिंह जून 2025 में ही आम आदमी पार्टी से पांच साल के लिए निलंबित किए जा चुके थे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व और पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। कुंवर विजय प्रताप ने एक्स पोस्ट में कहा, ÷अमृतसर के मेरे भाइयों और बहनों, मैंने पंजाब विधानसभा की अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। आपने मुझे जो प्यार और सम्मान दिया है, उसके लिए मैं अपनी आखिरी सांस तक आपका ऋणी रहूंगा। आपके सहयोग और ईश्वर के आशीर्वाद से हमें मिलकर एक सामूहिक प्रयास करना होगा। हमें छोटी-मोटी राजनीति और केवल उद्घाटन (रिबन काटने) तक सीमित रहने की सोच से ऊपर उठना होगा। आज पंजाब नशे, जबरन वसूली, गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार के जाल में फंसा हुआ है। ऐसे में फिर से एक प्रगतिशील और खुशहाल राज्य बनाना होगा। कुंवर विजय ने आगे कहा, ÷जैसा कि आप सभी जानते हैं, एक विधायक के तौर पर मैंने अपने 90 प्रतिशत लक्ष्य पूरे किए हैं, यानी वे सभी काम पूरे किए हैं।

आईआईटी रोपड़ ने योगिक विज्ञान एवं समग्र विकास केंद्र का उद्घाटन किया

डॉ. ईशान शिवानंद ने भारत के शिव सूत्रों पर आधारित, एआई में विवेक मापने का ढांचा प्रस्तुत किया

डेली आवाज भारती





रोपड़/ चंडीगढ़: आईआईटी रोपड़ ने आज Beyond Intelligence: Defining and Measuring Wisdom for AI नामक श्वेत पत्र का लोकार्पण आयोजित किया। यह श्वेत पत्र बताता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को केवल बुद्धि ही नहीं, बल्कि विवेक की कसौटी पर कैसे परखा जा सकता है। इसका लोकार्पण संस्थान में आयोजित Shaping the AI Mind कार्यक्रम में हुआ। इस अवसर पर आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा और स्टैनफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में निदेशक (शोध) तथा आईआईटी रोपड़ में एडजंक्ट फैकल्टी डॉ. ईशान शिवानंद उपस्थित थे। श्वेत पत्र का लोकार्पण डॉ. ईशान शिवानंद ने किया। वे स्टैनफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में निदेशक (शोध), आईआईटी रोपड़ में एडजंक्ट फैकल्टी और वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य गठबंधन कम्पैशन यूनाइट्स (Compassion Unites) के संस्थापक हैं। यह पत्र उन्होंने डॉ. अंजलि समानी के साथ मिलकर लिखा है। डॉ. समानी सेल्सफ़ोर्स (Salesforce) में एआई और डेटा साइंस की पूर्व वरिष्ठ अधिकारी हैं। श्वेत पत्र बताता है कि एआई में विवेक को कैसे परिभाषित, मापा और परखा जा सकता है। यह डॉ. शिवानंद के शिव सूत्रों और मन पर भारत के शास्त्रीय ग्रंथों के अध्ययन पर आधारित है।

कार्यक्रम में डॉ. ईशान अवधूत शिवानंद योगिक विज्ञान एवं समग्र विकास केंद्र का उद्घाटन भी हुआ। यह केंद्र आईआईटी रोपड़ में स्थापित किया गया है। इसका वित्तपोषण डॉ. शिवानंद ने किया है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने कहा, ÷हमारे विद्यार्थी वह एआई बनाएंगे, जिसका उपयोग दुनिया करेगी। आज जैसी चर्चाएं उन्हें यह सोचने में मदद करती हैं कि इसे कुशलता के साथ-साथ विवेक से कैसे बनाया जाए। प्रो. आहूजा ने आगे कहा, आज एआई प्रणालियां पेशेवर परीक्षाएं पास कर सकती हैं और भावनात्मक बुद्धिमत्ता के परीक्षणों में भी अच्छे अंक लाती हैं। लेकिन वे अक्सर लोगों को वही बताती हैं जो वे सुनना चाहते हैं, वह नहीं जो उनके लिए अच्छा है। इस वर्ष Science पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि रोज़मर्रा की सलाह मांगे जाने पर अग्रणी एआई प्रणालियों ने इंसानों की तुलना में लगभग 49 प्रतिशत अधिक बार उपयोगकर्ता का पक्ष लिया। यह समस्या वैश्विक है। वर्ष 2025 में ओपनएआई (OpenAI) ने ChatGPT का एक अपडेट वापस ले लिया था, क्योंकि वह ज़रूरत से ज़्यादा चापलूस हो गया था। कंपनी ने कहा था कि उसने अल्पकालिक फ़ीडबैक पर बहुत अधिक ध्यान दिया। श्वेत पत्र का तर्क है कि एआई में बुद्धि की कमी नहीं है। उसमें विवेक की कमी है। विवेक को मापने के लिए लेखकों ने HEED नाम का एक मॉडल प्रस्तुत किया है। HEED का अर्थ है हानि (Harm), अहंकार (Ego), धैर्य (Endurance) और विवेक (Discernment)। यह मॉडल छह घटकों को जोड़ता है- ज्ञान, मूल्य, संदर्भ, विवेक, धैर्य और अहंकार। यह पहला शोध एआई के उत्तरों का मूल्यांकन करता है। लोगों के निर्णयों, कल्याण और विवेक पर इसके प्रभाव को जानने के लिए आगे और अध्ययन करने होंगे। शिव सूत्र अहंकार, यानी मान्यता पाने की चाह को, वह कारण बताते हैं जो विवेक पर पर्दा डालता है। एआई में भी यही कमी दिखती है, जिसे सायकोफेंसी (चापलूसी की प्रवृत्ति) कहा जाता है।

CMYK

page 3_Layout 1 02-11-2026 18:21 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ मंगलवार, 3 नवम्बर 2026

पराली जलाने वालों पर प्रशासन सख्त, किसानों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

■ डीसी और एसएसपी ने धनौला, भैणी जस्सा, कालेके और काहनेके के खेतों का किया दौरा

■ डीसी ने फील्ड टीमों को सतर्क रहने के दिए निर्देश, कहा- लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

डेली आवाज भारती



बरनाला, (गोपाल)। जिला बरनाला में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। किसानों को लगातार जागरूक करने के साथ-साथ पराली जलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। डिप्टी कमिश्नर बरनाला हरप्रीत सिंह और एसएसपी मोहम्मद सरफराज आलम ने शनिवार दोपहर धनौला, भैणी जस्सा, कालेके और काहनेके के खेतों का दौरा किया। इस दौरान कुछ स्थानों पर पराली जलाने के मामले सामने आए। अधिकारियों ने मौके पर ही आग को तुरंत बुझवाया और संबंधित किसानों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। प्रशासन की ओर से संबंधित किसानों के राजस्व रिकॉर्ड में रेड एंट्री करने, जुर्माना लगाने और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अलावा संबंधित क्लस्टर अधिकारियों के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने कहा कि क्लस्टर अधिकारियों, नोडल अधिकारियों और फील्ड टीमों की ओर से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि पराली जलाने का कोई मामला सामने आता है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों के खिलाफ प्रशासन की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है। उन्होंने आगामी दिनों में सभी फील्ड टीमों को पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

नई के.सी.सी नीति 2026 किसानों के लिए मुश्किलें बढ़ाने वाली:किसान नेता

संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब की ओर से नीति रद्द करने की मांग को लेकर अधिकारियों को सौंपा गया मांगपत्र

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब की ओर से मुख्यमंत्री पंजाब स.भगवंत सिंह मान और सहकारिता मंत्री को पत्र लिखकर पंजाब किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी) नीति 2026 में किसान विरोधी बिंदुओं पर पुनर्विचार करने और इन्हें रद्द करने की मांग की गई है। किसान संगठन ने कहा कि सहकारी किसान सभाएं किसानों की रीढ़ की हड्डी हैं। इनके माध्यम से किसानों को कृषि के लिए ऋण और अन्य सुविधाएं मिलती हैं। लेकिन नई के.सी.सी नीति के कारण किसानों और सहकारी सभाओं को गंभीर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मोर्चे ने नीति के मुख्य बिंदुओं पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले किसानों को बिना जमीन गिरवी रखे दो लाख रुपये तक का ऋण मिलता था, लेकिन नई नीति के अनुसार यह सीमा दो लाख रुपये से अधिक नहीं होगी और इससे अधिक ऋण के लिए जमीन गिरवी रखनी पड़ेगी। इसके अलावा यदि किसान सहकारी सभा के बजाय किसी अन्य बैंक से ऋण लेता है तो उसके ऋण की ब्याज दर चार प्रतिशत से बढ़ाकर ग्यारह प्रतिशत किए जाने के प्रावधान का भी विरोध किया गया। मोर्चे के नेताओं ने कहा कि किसानों की हिस्सेदारी वाले ऋण की राशि पर ब्याज दरें बढ़ाना किसानों पर और आर्थिक बोझ डालेगा। पत्र में ऋण की सीमा बढ़ाने, ब्याज दरों में किए गए बढ़ोतरी और 30 सितंबर तथा 31 मार्च के बाद ब्याज की गणना करने के तरीके पर भी आपत्ति जताई गई है। मोर्चे नेताओं ने कहा कि इन नियमों से किसानों पर कर्ज का बोझ और बढ़ेगा। संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब ने सरकार से मांग की कि नई के.सी.सी नीति 2026 की किसान विरोधी बिंदुओं को तुरंत रद्द किया जाए और किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर दिलबाग सिंह सुर सिंह वाला, जागीर सिंह खैहरा, गुरमीत सिंह घोड़ेचक्क, गुरदित्त सिंह सिद्धू, प्रगट सिंह तलवंडी नेपाला, महेंद्र सिंह गिल, प्रकाश सिंह बस्ती आदि सहित बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद थे।



संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब के पदाधिकारी रोष व्यक्त करके अधिकारियों को मांगपत्र सौंपते हुए।

'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने 279 लाभार्थियों को मालिकाना हक के दस्तावेज वितरित किए

■ गांव मालोवाल के 213 और गांव संगरावां के 66 लाभार्थियों को मिला संपत्ति का मालिकाना हक

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) पंजाब सरकार द्वारा लोगों को उनकी संपत्तियों का मालिकाना हक प्रदान करने के लिए चलाई जा रही 'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत आज कैबिनेट मंत्री सरदार हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव मालोवाल में आयोजित विशेष समारोह के दौरान 279 लाभार्थियों को मालिकाना हक के दस्तावेज वितरित किए। इस अवसर पर गांव मालोवाल के 213 और गांव संगरावां के 66 लाभार्थियों को उनकी संपत्तियों का मालिकाना हक प्रदान किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सरदार हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 'मेरा घर मेरे नाम' योजना लोगों को उनके घरों का कानूनी मालिकाना हक दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों को अपनी संपत्तियों का कानूनी मालिकाना हक मिल रहा है, जिससे उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार जनकल्याण और लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए ऐसी जनहितैषी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता और लगन के साथ लागू कर रही है।

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर को होगी आयोजित

■ विद्यार्थी संबंधित बीपीईओ कार्यालयों से प्राप्त कर सकते हैं एडमिट कार्ड

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी :पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अवाण (रमदास), अमृतसर में छठी कक्षा के शैक्षणिक सत्र 2027-28 में दाखिले के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026, दिन शनिवार को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा जिला अमृतसर के ब्लॉक अजनाला, मजीठा, रईया और तरसिक्का में बनाए गए नौ परीक्षा केंद्रों पर होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. हेम राज सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड और रोल नंबर संबंधित ब्लॉक प्राथमिक शिक्षा अधिकारी (बीपीईओ) कार्यालयों में भेज दिए गए हैं। उम्मीदवार अपने संबंधित बीपीईओ कार्यालय से एडमिट कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से भी एडमिट कार्ड डाउनलोड किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अभी तक अपना रोल नंबर या एडमिट कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है, वे पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अवाण (रमदास) के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

धान खरीद: किसानों को अब तक 757 करोड़ रुपये का भुगतान

■ उपायुक्त ने किसानों से मंडियों में सूखा धान लाने की अपील की

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन काली)। जिला बरनाला की अनाज मंडियों में धान की खरीद, लिफ्टिंग और किसानों को भुगतान का कार्य लगातार जारी है। उपायुक्त हरप्रीत सिंह ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी धान की फसल अच्छी तरह सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं, ताकि फसल बेचने के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने बताया कि बीती शाम तक जिले की विभिन्न मंडियों में कुल 3,84,023 मीट्रिक टन धान की आमद हुई है, जिसमें से 3,48,514 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। किसानों को अब तक कुल 757 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि खरीद एजेंसियों में पनग्रेन ने 1,50,495 मीट्रिक टन, मार्कफेड ने 84,202 मीट्रिक टन, पनसप ने 75,352 मीट्रिक टन, पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 37,863 मीट्रिक टन तथा व्यापारियों ने 602 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। उपायुक्त ने बताया कि मंडियों से धान की लिफ्टिंग का कार्य भी साथ-साथ चल रहा है। अब तक पनग्रेन द्वारा 87,015 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 45,947 मीट्रिक टन, पनसप द्वारा 40,878 मीट्रिक टन, पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 22,491 मीट्रिक टन तथा व्यापारियों द्वारा 602 मीट्रिक टन धान की लिफ्टिंग की जा चुकी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित मापदंडों के अनुसार सूखा धान ही मंडियों में लेकर आएं, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रह सके।

जे.के.एस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया श्री आनंदपुर साहिब एवं विरासत-ए-खालसा का शैक्षणिक भ्रमण

डेली आवाज भारती



गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): जे.के.एस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञान एवं अनुभव में वृद्धि करने के उद्देश्य से श्री आनंदपुर साहिब का शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस यात्रा में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ शिक्षकगण, प्रधानाचार्या तथा मैनेजमेंट के सदस्य भी उपस्थित रहे।इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पंजाब के गौरवशाली इतिहास, सिख धर्म की महान परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित करवाना था। विद्यार्थियों ने श्री आनंदपुर साहिब के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के दर्शन किए तथा उनके महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। यात्रा का एक विशेष आकर्षण रहा,वो था विरासत-ए-खालसा। इसमें विद्यार्थियों को, सिख धर्म के इतिहास, दस गुरुओं के जीवन, खालसा पंथ की स्थापना तथा पंजाब की समृद्ध संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिला। संग्रहालय की भव्य वास्तुकला, आकर्षक चित्रों एवं आधुनिक ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रभावित किया। उन्होंने सिख इतिहास में साहस, त्याग, बलिदान, एकता एवं मानवता के महत्व को समझा। इस मौके पर प्रधानाचार्या श्रीमती मीनू मोंगा ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ उन्हें अपनी संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत से जोड़ते हैं। इससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। स्कूल मैनेजमेंट ने इस प्रकार की ज्ञानवर्धक गतिविधियों को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने इस यात्रा को यादगार, आनंददायक एवं ज्ञानवर्धक अनुभव बताया।

जिले में त्योहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों की जांच

मिलावटखोरी करने वालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग करेगा सख्त कार्रवाई: डॉ. अमरजीत कौर

डेली आवाज भारती



संगरूर, मोहिंदर सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह और फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की कमिश्नर श्रीमती कंवलप्रीत कौर बराड़ के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सिविल सर्जन संगरूर डॉ. अमरजीत कौर के नेतृत्व में जिले में मिलावटखोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. अमरजीत कौर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण दूध तथा खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले में रोजाना सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दूध या अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी भी सैंपल में मिलावट या निर्धारित मानकों की अनदेखी पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदारों और निर्माताओं के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इसी कड़ी के तहत असिस्टेंट फूड कमिश्नर अदिति गुप्ता और फूड सेफ्टी ऑफिसर सीमा रानी की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दूध के सैंपल लिए गए। आने वाले त्योहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुए पनीर और खोया बनाने वाली यूनिटों तथा मिठाइयों की दुकानों की लगातार जांच की जा रही है। इसके अलावा, बाहरी क्षेत्रों से आने वाली मिलावटी वस्तुओं पर नजर रखने के लिए नाकाबंदी भी की जा रही है। सिविल सर्जन डॉ. अमरजीत कौर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग खाद्य पदार्थों की जांच के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के नियमों के बारे में भी जागरूक कर रहा है। विभाग की %फूड सेफ्टी वैन% शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर खाद्य पदार्थों की जांच कर रही है और लोगों को घर पर ही मिलावट की पहचान करने के आसान तरीके बता रही है। उन्होंने बताया कि दूध की एक बूंद चिकनी सतह पर डालकर उसकी शुद्धता का एक पारंपरिक घरेलू परीक्षण किया जा सकता है। यदि दूध धीरे-धीरे बहते हुए सफेद लकीर छोड़ता है, तो इसे शुद्ध दूध का संकेत माना जाता है। इसी तरह पनीर पर आयोडीन डालने पर यदि नीला रंग दिखाई दे, तो यह स्टार्च की मिलावट का संकेत हो सकता है। हल्दी में कृत्रिम रंग की पहचान हाइड्रोक्लोरिक एसिड से की जाती है। घी, शहद और धनिया पाउडर में मिलावट की जांच के लिए भी ऐसे सरल घरेलू उपाय बताए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिक जागरूक और सतर्क रह सकें।

पुलिस ने 3 ग्राम हेरोइन व नशा करने वाले सामान सहित 2 को गिरफ्तार किया

■ गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी एवं सदर की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गुरदेव सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वासी बस्ती माछीयां जीरा को हेरोइन का नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। जबकि दूसरे मामले संबंधी थाना जीरा सदर के एएसआई गगनप्रीत सिंह सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बहक गुजरां के नजदीक से शक के अधार पर बाज सिंह पुत्र बंता सिंह वासी गांव गुजरां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलें की जांच कर रहे जसविन्द्र सिंह व गगनप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

लुधियाना से अक्तूबर माह में 11 पार्सल वैन की लोडिंग 264 टन की दुलाई से 18.37 लाख का मालभाड़ा राजस्व अर्जित



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन एवं फिरोजपुर मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट के विशेष प्रयासों से लुधियाना पार्सल कार्यालय द्वारा अक्तूबर 2026 के दौरान कुल 11 पार्सल वैन लोड की गई। इन पार्सल वैन के माध्यम से कुल 1,812 पैकेजों की दुलाई की गई, जिनका कुल वजन 264 टन रहा। इस दुलाई से रेलवे को 18.37 लाख का मालभाड़ा राजस्व प्राप्त हुआ। कुल पार्सल वैन में से 06 वैन कोलकाता, 02 वैन धनबाद, 02 वैन गुवाहाटी तथा 01 वैन रायपुर के लिए भेजी गई। इस दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल द्वारा पार्सल परिवहन को बढ़ावा देने एवं व्यापारियों को रेल के माध्यम से माल ढुलाई की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 9 लोगों सहित ग्राम पंचायत छोटीयां चक्कीयां पर पराली जलाने के दर्ज किए मामलें

■ पुलिस ने क्लस्टर अफसर व अन्य अधिकारियों के बयान पर दोषियों के खिलाफ की कार्रवाईयां

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर एवं मक्खू की पुलिस ने सरकार और प्रशासन के आदेशों की उल्लंघना करके खेतों मे धान कटाई के पश्चात बचने वाली पराली को आग लगाने के आरोप में 9 लोगों सहित ग्राम पंचायत छोटीयां चक्कीयां के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत क्लस्टर अफसर व अन्य अधिकारियों की शिकायत के अधार पर मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सदर के एएसआई कुलवंत सिंह, थाना मक्खू के एएसआई झिर्मल सिंह, राम सिंह, सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने जसप्रीत सिंह क्लस्टर अधिकारी, संदीप सिंह एसडीओ वाटर रिसोर्स जीरा, गुरजंट सिंह जूनियर इंजीनियर वाटर रिसोर्स मक्खू के बयान पर सरकार व प्रशासन के आदेशों की उल्लंघना करके धान कटाई के पश्चात खेतों में बचने वाली पराली को आग लगाने के आरोप में बलविन्द्र सिंह पुत्र गुरचरन सिंह वासी गांव बहक गुजरां, चन्न सिंह पुत्र अनूप सिंह वासी गांव तलवंडी नेपालां, गुरप्रीत सिंह पुत्र पवित्र सिंह, अरमिंद्र सिंह पुत्र पवित्र सिंह, अगवान सिंह पुत्र संता सिंह, सुबा सिंह पुत्र पवित्र वासी चागीयां मक्खू, बगा सिंह पुत्र चिमन सिंह, अशो बाई बी तरसेम सिंह, पैम सिंह पुत्र चिमन सिंह वासी गांव मुहंनद शाह वाला एवं ग्राम पंचायत छोटीयां चक्कीयां के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उक्त सभी मामलों में अगामी कार्रवाई कर रही है।

page 4_Layout 1 02-11-2026 20:28 Page 1

सी-जोनल यूथ फेस्टिवल में एपीजे कॉलेज और प्रेम चंद मारकंडा कॉलेज ने मारी बाजी

450वें स्थापना वर्ष को समर्पित यूथ फेस्टिवल में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा





सी-जोनल यूथ फेस्टिवल के ए. और बी. डिवीजन के विजेता कॉलेजों के विद्यार्थी डॉ. अमनदीप सिंह और अन्य अधिकारियों के साथ।

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित तीन दिवसीय सी-जोन यूथ फेस्टिवल विद्यार्थियों की कला, प्रतिभा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की यादगार छाप छोड़ते हुए संपन्न हो गया। श्री अमृतसर साहिब के 450वें स्थापना वर्ष को समर्पित फेस्टिवल के घोषित परिणामों के अनुसार ए. डिवीजन में एपीजे कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स, जालंधर ने ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। लायलपुर खालसा कॉलेज, जालंधर पहले रनर-अप और हंस राज महिला महा विद्यालय दूसरे रनर-अप रहे। इसी तरह बी. डिवीजन में प्रेम चंद मारकंडा एस.डी. कॉलेज फॉर विमेन, जालंधर ने ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। माता गुजरी खालसा कॉलेज, करतारपुर पहले रनर-अप और लायलपुर खालसा कॉलेज फॉर विमेन, जालंधर दूसरे रनर-अप रहे। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के यूथ वेलफेयर विभाग के डायरेक्टर डॉ. अमनदीप सिंह ने विजेता कॉलेजों को बधाई देते हुए कहा कि गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनमें सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि पैदा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

सिविल सर्जन ने सिविल अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

अस्पताल में भर्ती मरीजों का जाना हाल, डायग्नोस्टिक सेवाओं की भी की समीक्षा





सिविल सर्जन अस्पताल में निरीक्षण के दौरान मरीजों का हाल-चाल जानते हुए और दवाईयों के रिकार्ड की जांच करते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार और डायरेक्टर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंजाब द्वारा राज्य में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए जारी की गई हिदायतों की पालना करते हुए सोमवार को सिविल सर्जन फिरोजपुर डा.परमिंदर सिंह द्वारा सिविल अस्पताल फिरोजपुर का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं और डायग्नोस्टिक सेवाओं का जायजा लिया तथा मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मालूम हो कि अपने निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन फिरोजपुर डा.परमिंदर सिंह ने अस्पताल के प्रमुख हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया। उनके द्वारा इमरजेंसी वार्ड, ओ.पी.डी, ओ.टी, लैबोरेटरी, नशा छुड़ाओ केंद्र, एक्स-रे, लेबर रूम, मोर्चरी, आई.सी.यू. वार्ड, ओट केंद्र, ऑक्सीजन प्लांट, वन सखी स्टॉप सेंटर सहित विभिन्न वार्डों में विजिट की गई। इस मौके पर जहां उन्होंने अमरजेंसी वार्ड में इलाज के लिए आए मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और दवाओं की उपलब्धता की जांच की, वहीं जच्चा-बच्चा वार्ड में गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एक्स-रे रूम, लैबोरेटरी और मोर्चरी में मशीनों की कार्यप्रणाली, टेस्टिंग किटों और स्टाफ की हाजिरी की जांच की गई। इस फेरी के दौरान उन्होंने डायग्नोस्टिक सेवाओं एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सी.टी. स्कैन और लैबोरेटरी में फुली ऑटोमेटिक एनालाइजर तथा सेमी ऑटोमेटिक एनालाइजर की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडरों और पाइप लाइनों की स्थिति की भी जांच की। इस दौरान डा.परमिंदर सिंह ने वार्डों में दाखिल मरीजों का हाल जाना और उनसे अस्पताल में मुफ्त दवाइयों, भोजन तथा अन्य सरकारी सुविधाओं के बारे में पूछा। सिविल सर्जन डा.परमिंदर सिंह ने स्पष्ट किया कि अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को कोई भी मुश्किल नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर डा.निखिल एस.एम.ओ, अंकुश भंडारी डिप्टी मास मीडिया अफसर, डा.ऋषभ, डा.मानिक, सुमित ए.एच.ए और मैडम शाइना उपस्थित थी।

चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने गांव अलाल और सुल्तानपुर में 262 लाभार्थियों को बांटे प्रॉपर्टी कार्ड

- 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना के तहत लोगों को दिए जा रहे हैं घरों के मालिकाना हक: चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों



डेली आवाज भारती

धूरी, मोहिंदर सिंह, पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में लोगों को उनके घरों के मालिकाना हक देने के लिए चलाई जा रही 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना के तहत गांव अलाल और सुल्तानपुर में समारोह आयोजित किए गए। इस अवसर पर पंजाब लघु उद्योग एवं निर्यात निगम के चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कुल 262 लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए। इस दौरान गांव अलाल के 131 और गांव सुल्तानपुर के 131 लाभार्थियों को प्रॉपर्टी कार्ड सौंपे गए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए चेयरमैन दलवीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि 'मेरा घर, मेरे नाम' योजना पंजाब सरकार की एक महत्वपूर्ण जनहितैषी पहल है, जिसका उद्देश्य लंबे समय से अपने घरों में रह रहे लोगों को उनके घरों के कानूनी मालिकाना हक प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी कार्ड मिलने से लाभार्थियों को अपने घरों की मिल्कियत का आधिकारिक दस्तावेज मिल रहा है, जिससे उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के लोगों के कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसी जनहितैषी योजनाओं का लाभ योग्य लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य हरजिंदर सिंह कांझला, काउंसलर पुष्पिंदर शर्मा, जगतार सिंह बागड़ी, बूटा सिंह ब्लॉक प्रधान तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति और गांववासी उपस्थित थे।

पराली जलाने की घटनाओं में तेजी, पंजाब के 7 जिलों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश

CAQM ने बरनाला, बठिंडा, पटियाला समेत सात जिलों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

- शाम के समय खेतों में निगरानी और नियम तोड़ने वालों पर तुरंत कार्रवाई के आदेश



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में धान की पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (ष्टक्तरू) ने सात जिलों में निगरानी और कार्रवाई तेज करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने रविवार को संबंधित जिलों के डिप्टी कमिश्नरों, जिला मजिस्ट्रेटों और एसएसपी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बरनाला, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, पटियाला, मालेरकोटला और संगरूर जिलों के अधिकारियों को पराली जलाने की घटनाओं पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। आयोग के सदस्य सचिव तरुण पीठोड़े ने अधिकारियों को विशेष रूप से शाम के समय खेतों में निगरानी बढ़ाने और आग लगाने के मामलों में तुरंत कार्रवाई करने को कहा। बैठक के दौरान पराली प्रबंधन के लिए उपलब्ध कृषि मशीनरी, बेलर और अन्य क्रॉप रेजिड्यू मैनेजमेंट (ष्टक्तरू) मशीनों के इस्तेमाल की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों को इन मशीनों का पूरा लाभ मिले और पराली के उचित प्रबंधन के लिए जागरूकता अभियान तेज किए जाएं। आयोग ने स्पष्ट किया कि पराली जलाने की रोकथाम के लिए पुलिस और प्रशासन के सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा। खेतों में निगरानी के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। गौरतलब है कि धान की कटाई के बाद पराली जलाने की घटनाएं वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनती हैं। इसी को देखते हुए आयोग ने पंजाब के संबंधित जिलों को रोकथाम के प्रयास और तेज करने के निर्देश दिए हैं।

विशेष बच्चों की हस्तनिर्मित कलाकृतियों से रोशन होगी दीवाली, दास एंड ब्राउन स्कूल में तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

सवेरा स्कूल के बच्चों ने सजावटी सामान और हस्तनिर्मित उत्पादों के जरिए दिखाई क्रिएटिविटी, आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ाए कदम



स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए अधिकारी व अन्य।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): दिवाली की खुशियां उस समय और भी खास हो गई, जब विशेष बच्चों की मेहनत, हुनर और क्रिएटिविटी से तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। दास एंड ब्राउन वर्ल्ड स्कूल में सवेरा स्कूल के विशेष बच्चों की ओर से तैयार सजावटी सामान और अन्य हस्तनिर्मित उत्पादों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू हुई। 2 से 4 नवंबर तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर प्रिंसिपल रूचि पांडे ने बताया कि स्कूल प्रशासन द्वारा सवेरा स्कूल के बच्चों को जगह दी गई है ताकि वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। इस पहल के माध्यम से बच्चों को अपनी कलात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने, अपने हुनर का मूल्य समझने और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। प्रदर्शनी का शुभारंभ सहायक कमिश्नर हिमांशु, जिला शिक्षा अधिकारी एलीमेंट्री सुनीता रानी, जिला सूचना अधिकारी आशीष अरोड़ा और एमआईएस कोऑर्डिनेटर पवन मदान विशेष रूप से शामिल हुए। रोटरी क्लब डायमंड के अध्यक्ष नवीन अरोड़ा, डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट चेयर कमल शर्मा सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। विशेष बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए दास एंड ब्राउन स्कूल और रोटरी क्लब डायमंड की ओर से उन्हें दिवाली के उपहार भेंट किए गए। इस पहल ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने के साथ उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित किया। सहायक कमिश्नर हिमांशु ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विशेष जरूरतों वाले बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और जीवन में आगे बढने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध करवाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से भी सवेरा स्कूल के विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को पूरा करने और उनके हित में विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। उन्होंने इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी रखने का भरोसा दिया। यह प्रदर्शनी स्कूल की गिफ्टिंग स्माइल्स-खुशियों का कारवां पहल का हिस्सा है, जिसके माध्यम से त्योहारों के दौरान जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां बांटने और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है।

4 नवंबर की राहुल गांधी की रैली को लेकर कांग्रेसी नेताओं एवं वर्करों ने की अहम बैठक

- रैली की तैयारियों एवं सफलता को लेकर की विचार-चर्चा, सरकार की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल



गुरुहरसहाय में कांग्रेसी नेता एवं वर्कर राहुल गांधी की रैली को लेकर बैठक करते हुए।

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा 4 नवंबर को संगरूर में की जा रही इंसाफ रैली को सफल बनाने के लिए हलका गुरूहरसहाय के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा एक विशेष बैठक की गई। इस बैठक में ब्लॉक प्रधानों, ब्लॉक समिति सदस्यों, जिला परिषद सदस्यों और अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भाग लेते हुए रैली की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान भीम कंबोज, करतार संधू, अमरीक सिंह बुढेशाह, जिला परिषद सदस्य जोगिंदर सिंह और ब्लॉक समिति चेयरमैन सहित अन्य नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी की रैली को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रैली में बड़ी संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाया जाएगा। कांग्रेसी नेताओं ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोग सरकार के काम-काज से निराश हैं और प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि लोग बदलाव की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस मौके पर जोगिंदर सिंह मोहणे वाला ने बताया कि रैली में शामिल होने के लिए हलके के विभिन्न गांवों से वाहनों का काफिला सुबह 8 बजे केसर सिंह वाली से रवाना होगा। उन्होंने हलके के लोगों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में रैली में पहुंचने की अपील की। नेताओं ने विश्वास जताया कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी फिर से सत्ता में आएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को रैली की सफलता के लिए पूरी लगन से काम करने का आह्वान किया।

जिला प्रशासन के सहयोग से पहली स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट 14-15 नवंबर को फिरोजपुर में होगी



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): मास्टर एथलेटिक फेडरेशन ऑफ पंजाब के प्रधान रजिंदर सिंह सिद्धवां, सचिव प्रगट सिंह गिल और चेयरमैन रजवंत सिंह (ऑफिस इंचार्ज, मुख्यमंत्री पंजाब) के नेतृत्व में पहली स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट 14 और 15 नवंबर को शहीद भगत सिंह स्टेडियम फिरोजपुर में जिला प्रशासन के पूर्ण सहयोग से करवाई जा रही है। इस संबंध में आज आयोजित विशेष समारोह के दौरान हलका विधायक फिरोजपुर शहरी स.रणबीर सिंह भुल्लर, डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा और एस.एस.पी स.भूपिंदर सिंह सिद्धू ने जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन फिरोजपुर के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मीट का आधिकारिक पोस्टर जारी किया। इस मौके पर विधायक रणबीर सिंह भुल्लर, हलका फिरोजपुर शहरी ने कहा कि मास्टर्स एथलेटिक्स केवल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर उम्र के लोगों को स्वस्थ, अनुशासित और सक्रिय जीवन जीने का संदेश देती है। डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा ने कहा कि इस मीट में अनुभवी खिलाडि ों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा और युवा पीढ़ी को भी खेलों से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने समूचे खिलाडि ों, खेल प्रेमियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस खेल आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। इस मौके पर जिला मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन फिरोजपुर के प्रधान डा.गुरिंदरजीत सिंह ढिल्लों और जनरल सचिव ईश्वर दास शर्मा ने बताया कि इस स्टेट मीट में 35 वर्ष से लेकर 100 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस खेल मेले का मुख्य उद्देश्य उम्र के बढने के साथ-साथ शारीरिक तंदुरुस्ती बनाए रखना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और खेल भावना को प्रफुल्लित करना है।

श्री राहुल गांधी जी की संगरूर रैली होगी ऐतिहासिक : अमरीक कैहल

- आम आदमी पार्टी से तंग आ चुके लोग, हजारों की संख्या में पहुंच रहे संगरूर



डेली आवाज भारती

संदौड़ (कुलवंत सिंह संदौड़वी) कांग्रेस पार्टी द्वारा 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगरूर में एक महारैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंच रहे हैं। इस रैली में कई हजारों की संख्या में भीड़ जुटेगी। इन बातों का खुलासा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अमरीक सिंह कैहल ने 'डेली आवाज़ भारती' से बातचीत करते हुए किया। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी आम आदमी पार्टी से लोग पूरी तरह तंग आ चुके हैं। पंजाब एक पुलिस स्टेट बन चुका है। पंजाब में आए दिन नशा, गुंडागर्दी और हत्याएं हो रही हैं, जिसका शिकार शहीद परविंदर सिंह झोटा भी हुए। उनका परिवार आज भी उनके पार्थिव शरीर को रखकर इंसाफ की मांग कर रहा है। हमारे नेता राहुल गांधी जी पंजाब के लोगों से इन्हीं मुद्दों पर विचार-विमर्श करने आ रहे हैं। कल दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई लाखों की रैली ने यह साबित कर दिया है कि देश अब कांग्रेस को चाहता है। इस मौके पर सभी कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य आपका, सेवा हमारी' अभियान के तहत खिजराबाद में लगाया गया दूसरा मुफ्त मेडिकल कैंप, 800 मरीजों की हुई जांच

- शिवचरण सिंह भंगू ने कहा- मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है



डेली आवाज भारती

माजरी/संदीप अकालगढ़िया : वारिस पंजाब जथेबंदी के वरिष्ठ नेता शिवचरण सिंह भंगू द्वारा क्षेत्रवासियों के सहयोग से शुरू किए गए 'स्वास्थ्य आपका, सेवा हमारी' अभियान के तहत लगाए गए दूसरे मुफ्त मेडिकल कैंप के दौरान संगत की सेवा करने वाले डॉक्टरों, सेवादारों, समूची प्रबंधकीय टीम और गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधकों का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया। इस कैंप के दौरान 800 मरीजों की मुफ्त जांच की गई। इस मौके पर शिवचरण सिंह भंगू ने कहा कि समाज सेवा के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए समूचे क्षेत्रवासियों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अपनी व्यस्त जिंदगी में से कीमती समय निकालकर कैंप के प्रबंध संभालने, मरीजों की सहायता करने और उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने वाले प्रत्येक सेवादार का योगदान सराहनीय है। उन्होंने विशेष रूप से डॉक्टरों का धन्यवाद करते हुए कहा कि डॉक्टरों ने पूरी अपनत्व और समर्पण भावना से मरीजों की जांच की तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जरूरी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संगत की सेवा करते हुए समूची टीम द्वारा दिखाई गई लगन, विनम्रता और सेवा भावना मन को बहुत सुकून देती है। ऐसे प्रयासों का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और मानवता की सेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने गुरु साहिब के समक्ष अरदास की कि सभी सेवादारों को इसी तरह मिल-जुलकर सेवा के कार्य जारी रखने का बल प्रदान करें तथा सभी को अच्छी सेहत और चढ़दी कला की दात बख्शें। इस मौके पर जगमोहन सिंह मुंधों, चरणजीत सिंह चन्नी सरपंच, बलजिंदर सिंह, हरिंदर सिंह, सरबजीत सिंह, तरलोक सिंह, बहादुर सिंह और गुरुद्वारा साहिब के प्रधान सुखविंदर सिंह द्वारा दिए गए सहयोग के लिए भी समूची टीम की ओर से विशेष धन्यवाद किया गया।

CMYK

page 5_Layout 1 02-11-2026 19:50 Page 1

अकाली दल वारिस पंजाब के नेता मुंधों ने गांव मानकपुर शरीफ में की चुनावी बैठक



डेली आवाज भारती

माजरी, संदीप अकालढ़िया): अकाली दल वारिस पंजाब के खरड़ विधानसभा हलके से उम्मीदवार के दावेदार सरदार हरजिंदर सिंह मुंधों के नेतृत्व में गांव मानकपुर शरीफ में चुनावी बैठक की गई। इस बैठक के दौरान उपस्थित गांववासियों के इकट्ठ को संबोधित करते हुए हरजिंदर सिंह मुंधों ने कहा कि अब तक खरड़ हलके में बाहरी उम्मीदवार ही उन पर शासन करते रहे हैं, लेकिन अब हलके के लोगों की मांग है कि हलके का ही जन्मा हुआ उम्मीदवार उनका प्रतिनिधित्व करे। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे आदि से बचाकर

- **हरजिंदर सिंह मुंधों ने हलके के मतदाताओं से अकाली दल वारिस पंजाब का समर्थन करने की अपील की**

उन्हें मेहनत-मजदूरी के योग्य बनाना तथा हलके की समस्याओं को दूर करके इसे हर पक्ष से सक्षम बनाना उनकी सोच है। उन्होंने मतदाताओं से अकाली दल वारिस पंजाब का समर्थन करने की अपील की। इस मौके पर जिला यूथ प्रधान सरदार हरजिंदर सिंह देसूमाजरा, गुरमीत सिंह शांटू, भगत सिंह भगत माजरा, रविंदर सिंह बजिदपुर और कुलवंत सिंह संगतपुरा सहित अन्य नेताओं ने भी बैठक को संबोधित किया। उन्होंने भाई अमृतपाल सिंह खालसा जी की पंजाब और नौजवान पीढ़ी के प्रति सोच को लेकर हर वर्ग से एकजुट होकर पार्टी का साथ देने की अपील की। इसी दौरान नवप्रीत सिंह हुंदल मानकपुर ने नेताओं का धन्यवाद करते हुए हर पक्ष से पार्टी की मदद करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर सरपंच दलवीर सिंह, नंबरदार सिवतार सिंह, हरजीत सिंह पंच, अजीत सिंह, मलकीत सिंह बिट्टी और सुरिंदर सिंह गोगी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

'स्टारडम आइकॉनज़ 2026 - सीजन 2' का वीआईपी रोड पर सफलतापूर्वक आयोजन

विभिन्न आयु वर्ग के डांसरों और मॉडलों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का हुनर





डेली आवाज भारती

ज़ीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : ईशू गंभीर एंटरटेनमेंट द्वारा ऑर्बिट सिग्नेचर वॉक, वीआईपी रोड स्थित %स्टारडम आइकॉनज़ 2026 - सीजन 2% का शानदार आयोजन किया गया। इस समारोह में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने मॉडलिंग और डांस प्रतियोगिताओं में अपनी कला व आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान श्रीमती सुमन गंभीर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी, हरप्रीत सिंह सैणी और सोनम गंभीर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ईशू गंभीर ने सेलिब्रिटी के रूप में शिरकत की, राकेश जामवाल, निशा राजपूत और सैम शो स्टॉपर रहे तथा गायक अमन लाडला ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति दी।

- **अमुख्य अतिथियों और सेलिब्रिटीज़ ने बढ़ाई शो की शान**

प्रतियोगिताओं के विजेता

मॉडलिंगः जूनियर मिस स्टारडम आइकॉन का खिताब माही, शगुन और जसनीत ने जीता। जूनियर मास्टर पंशुल बत्रा, मिस स्टारडम आइकॉन श्रेया मेहता, मिस्टर स्टारडम आइकॉन यश और मिसेज स्टारडम आइकॉन अमनदीप चुनी गईं।
सोलो डांसः सब-जूनियर में शाइनी, जूनियर में नमामी और सीनियर में एम.डी. पॉपर विजेता रहे। इवेंट मैनेजर पूजा की कुशल योजना से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजक ईशू गंभीर ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मंच नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें भविष्य में पेशेवर अवसर प्रदान करने के लिए बेहद जरूरी हैं।

जालंधर में पटाखा मार्केट की तैयारी शुरू, 410 आवेदकों में से 20 को मिला मौका

- **दो अतिरिक्त नाम भी निकाले गए हैं, चुने कारोबारियों के लाइसेंस किए जारी**

पटाखों की अस्थायी दुकानें लगाने के लिए कारोबारियों का लकी ड्रॉ निकाला

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर में दीपावली के मद्देनजर पठानकोट रोड स्थित गांव राओवाली में पटाखा मार्केट लगाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन में पटाखों की अस्थायी दुकानें लगाने के लिए कारोबारियों का लकी ड्रॉ निकाला गया। करीब 410 आवेदकों में से 20 कारोबारियों का चयन किया गया, जबकि दो अतिरिक्त नाम



भी ड्रॉ के जरिए निकाले गए। प्रशासन ने चयनित कारोबारियों के लाइसेंस जारी कर दिए हैं। हालांकि, पटाखा मार्केट के प्रधान विकास भंडारी के मुताबिक, दुकानें तैयार करने के लिए अब केवल × से 4 दिन का समय बचा है। प्रशासन ने चयनित कारोबारियों को लाइसेंस जारी करने के साथ निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। गांव राओवाली में पटाखा मार्केट लगाने के लिए करीब 410 कारोबारियों ने अस्थायी दुकानों के लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। रेडक्रॉस भवन में आयोजित ड्रॉ के दौरान इनमें से 20 कारोबारियों के नाम निकाले गए। दो अतिरिक्त नाम भी चुने गए, ताकि उन्हें मौका दिया जा सके। एडीसी अमनिंदर कौर ने बताया कि अतिरिक्त ड्रॉ निकालने का उद्देश्य वैकल्पिक व्यवस्था रखना है। अगर चयनित 20 आवेदकों में से किसी का लाइसेंस रद्द होता है तो उसकी जगह अतिरिक्त सूची में शामिल कारोबारियों को मौका दिया जा सकता है।

दुकानों के बाहर रेत व पानी के इंतजाम जरूरी

प्रत्येक दुकान के बाहर रेत से भरी बाल्टियां, पानी की टंकियां और अग्निशमन से जुड़ी जरूरी सुविधाएं रखना अनिवार्य किया गया है। इन इंतजामों का उद्देश्य पटाखों की बिक्री के दौरान आग लगने या किसी अन्य अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करना है। पटाखा मार्केट के प्रधान विकास भंडारी ने कहा कि अभी तक दुकानें तैयार नहीं हो पाई हैं। कम समय मिलने के कारण कारोबारियों के लिए इस बार भी खर्च निकालना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने बताया कि पिछले साल भी कारोबारियों की पूरी रिकवरी नहीं हो पाई थी।

एनसीसी द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया



डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी, एनसीसी यूनिट द्वारा डीएवी स्कूल में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेटों को पर्यावरण संरक्षण तथा प्रदूषण की रोकथाम के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेटों ने विभिन्न जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें वायु, जल, मृदा एवं ध्वनि प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा पर्यावरण के अनुकूल आदतों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। कैडेटों ने प्रदूषण नियंत्रण में योगदान देने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ भी ली। इस कार्यक्रम के माध्यम से एनसीसी ने अपने आदर्श वाक्य ÷एकता और अनुशासन÷ के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए जिम्मेदार एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकों के निर्माण की दिशा में अपने निरंतर प्रयासों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का समापन सभी से स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयास करने के संदेश के साथ हुआ।

गांव ताजपुरा, थाना गोबिंदगढ़ और सलेमपुर खुर्द में श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई

डेली आवाज भारती

कुराली, संदीप अकालगढ़िय। जाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष प्रयास के तहत लोगों को उनके जीवन, शिक्षाओं और सामाजिक समानता के संदेश से परिचित करवाने के लिए 30 मिनट की विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई जा रही है। इसी कड़ी के तहत माजरी ब्लॉक के गांव ताजपुरा, थाना गोबिंदगढ़ और सलेमपुर खुर्द में यह डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। उपमंडल मजिस्ट्रेट, खरड़ श्री गुरमीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब सरकार का यह प्रयास श्री गुरु रविदास जी महाराज के



जीवन और दर्शन को लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ उनके द्वारा दिए गए समानता, भाईचारे, मानवता और सामाजिक सद्भावना के संदेश का प्रचार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज ने अपनी वाणी और शिक्षाओं के माध्यम से समाज में से जात-पात, भेदभाव और ऊंच-नीच की भावनाओं को समाप्त करने का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को समानता, आपसी सम्मान और मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों के माध्यम से नई पीढ़ी को श्री गुरु रविदास जी महाराज के महान जीवन, विचारधारा और समाज सुधार में दिए गए योगदान के बारे में जागरूक करने में मदद मिलती है। पंजाब सरकार द्वारा 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित किए जा रहे ये कार्यक्रम गुरु साहिब की शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत युवाओं को नशों के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

- **नशों से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित**

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी, जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो (डी.बी.ई.ई.), अमृतसर द्वारा 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत भगतांवाला, गेट खजाना वाला और शकत्री बाग स्थित ओ.ए.टी. केंद्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान



लोगों, विशेषकर युवाओं को नशों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक जीवन और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो, अमृतसर की काउंसलिंग कोऑर्डिनेटर श्रीमती भारती शर्मा ने युवाओं को नशों से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नशे की लत से प्रभावित व्यक्तियों को समय पर उपचार एवं काउंसलिंग की सुविधा प्राप्त करने की अपील भी की। अभियान के दौरान युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक गतिविधियों में लगाकर आत्मनिर्भर बन सकें और अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। इस अवसर पर लोगों से नशों के विरुद्ध एकजुट होकर प्रयास करने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया गया।

निजी संपत्तियों पर लगे एडवोकेट एन.के. वर्मा के बैनर फाड़ने का मामला गरमाया, वकील समुदाय ने नगर परिषद की कार्रवाई का किया विरोध

डेली आवाज भारती

खरड़, संदीप अकालगढ़ियाः खरड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के संभावित उम्मीदवार और पंजाब भाजपा लीगल सेल के कन्वीनर एडवोकेट एन.के. वर्मा की निजी संपत्तियों पर लगे बैनरों को नगर परिषद खरड़ के कर्मचारियों द्वारा फाड़े जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर आज एडवोकेट एन.के. वर्मा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई, जिसमें बड़ी संख्या में वकीलों ने शिरकत करते हुए नगर परिषद की इस कार्रवाई के खिलाफ रोष प्रकट किया। उपस्थित वकीलों ने कहा कि निजी संपत्तियों के मालिकों की सहमति से लगाए गए बैनरों को इस तरह फाड़ना आपत्तिजनक है और ऐसी कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडवोकेट अभिवाद्या सूद, लीगल सेल कन्वीनर मोहाली,



एडवोकेट जी.एस. राणा, श्रीमती गीतांजलि बाली, को-कन्वीनर लीगल सेल, निकुंज धवन, सोशल मीडिया को-कन्वीनर, श्रीमती भावना राणा, एडवोकेट देविंदर गुप्ता, को-कन्वीनर लीगल सेल, मिस गुरजोत कौर, एडवोकेट भारत कंवल, एडवोकेट चरणजीत कुमार, एडवोकेट हरमनजीत सिंह, एडवोकेट प्रिंस शर्मा और एडवोकेट मितलेश कुमार सहित कई अन्य वकील मौजूद रहे। एडवोकेट एन.के. वर्मा ने आम आदमी पार्टी की सरकार और उसके दबाव में काम कर रही नगर परिषद पर राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उनके बैनर शहर के अलग-अलग स्थानों पर निजी संपत्तियों के मालिकों की पूरी सहमति से लगाए गए थे। इन बैनरों का नगर परिषद या पंजाब सरकार की किसी भी संपत्ति से कोई संबंध नहीं था। इसके बावजूद नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा इन्हें फाड़ दिया जाना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बैनर निजी संपत्तियों पर संपत्ति मालिकों की सहमति से लगाए गए थे।

मान सरकार ने साढ़े चार वर्षों से अधिक समय में 70,862 युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां देकर नया इतिहास रचाः प्रभबीर सिंह बराड़

डेली आवाज भारती

अमृतसर। पनसप के चेयरमैन श्री प्रभबीर सिंह बराड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने साढ़े चार वर्षों से अधिक समय के दौरान युवाओं को बिना किसी भेदभाव और पूरी तरह योग्यता (मेरिट) के आधार पर 70,862 सरकारी नौकरियां देकर राज्य में पारदर्शी भर्ती प्रणाली की नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि मान सरकार ने सिफारिश और भ्रष्टाचार की पुरानी संस्कृति को समाप्त करके योग्यता और समान अवसरों को प्राथमिकता दी है, जिसके चलते आम परिवारों के होनहार युवा भी सरकारी नौकरियां प्राप्त कर रहे हैं। श्री बराड़ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक सुधारों के परिणाम अब सामने आ रहे हैं। वर्ष

शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब देश का अग्रणी राज्य बना : चेयरमैन बराड़

2022 में जब मौजूदा सरकार ने सत्ता संभाली थी, उस समय शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब 27वें स्थान पर था, जबकि केंद्र सरकार द्वारा करवाए गए हालिया मूल्यांकन के अनुसार पंजाब ने प्राथमिक शिक्षा में पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि सरकार द्वारा शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है। श्री बराड़ ने बताया कि अध्यापकों के शिक्षण कौशल को और निखारने तथा उन्हें आधुनिक शैक्षणिक तकनीकों से जोड़ने के लिए फिनलैंड, सिंगापुर और आई.आई.एम. जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। इसके साथ ही %स्कूल ऑफ एमिनेंस% विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके सपनों को साकार करने के लिए बेहतर



अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है, जो गरीबी के चक्र को तोड़कर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बदल सकती है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करना शिक्षा के क्षेत्र में आए बदलाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है। वर्ष 2021 में सरकारी स्कूलों के केवल 80 विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा पास की थी, जबकि अब यह संख्या बढ़कर 882 हो गई है, जो लगभग 11 गुना वृद्धि है। यह गर्व की बात है कि आज रिक्शा चालकों, छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले परिवारों के बच्चे भी डॉक्टर और इंजीनियर बनने के अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। श्री बराड़ ने कहा कि पंजाब सरकार की मुफ्त बिजली योजना का लाभ राज्य के लगभग 90 प्रतिशत घरों को मिल रहा है। इससे महंगाई और बढ़ते घरेलू खर्चों का सामना कर रहे आम परिवारों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि शून्य बिजली बिल आने से बचने वाली राशि लोग अपने बच्चों की पढ़ाई, दवाइयों और अन्य जरूरी जरूरतों पर खर्च कर सकते हैं। सरकार का उद्देश्य सरकारी खजाने का उपयोग राजनीतिक रसूखदारों के बजाय आम लोगों की भलाई के लिए करना है। स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' के तहत अब तक लगभग 54 लाख परिवारों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने पात्र परिवारों से अपील की कि जिन लोगों ने अभी तक अपने स्वास्थ्य कार्ड नहीं बनवाए हैं, वे जल्द से जल्द इस योजना के तहत पंजीकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक तंगी के कारण किसी भी परिवार का इलाज प्रभावित न हो और प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। चेयरमैन श्री प्रभबीर सिंह बराड़ ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना और पंजाब को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK


page 6_Layout 1 02-11-2026 17:00 Page 1

शाहरुख के जन्मदिन पर जश्न का माहौल

रितेश-जेनेलिया समेत इंडस्ट्री के कलाकारों ने दी बधाई



मुंबई । बॉलीवुड के किंग खान (शाहरुख खान) सोमवार को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर इंडस्ट्री के उनके दोस्त और सह-कलाकारों ने न सिर्फ जन्मदिन की बधाई दी, बल्कि अभिनेता की आगामी फिल्म %किंग% की रिलीज को लेकर उत्सुकता भी जाहिर की। अभिनेता रितेश देशमुख ने शाहरुख खान को जन्मदिन की बधाई देने के साथ-साथ उनकी आगामी फिल्म %किंग% के लिए अपनी उत्साहित भी जाहिर की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाहरुख खान के साथ तस्वीर पोस्ट कर लिखा, ÷हैप्पी बर्थडे शाहरुख भाई। आप हमारे लिए किंग हैं और हमेशा रहेंगे। हंसी और प्यार से भरा आपका दिन शानदार बीते। किंग पर तो ब्लॉकबस्टर लिखा हुआ है, 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में जादू छने का बेसब्री से इंतजार है। लव यू।÷ रितेश देशमुख की पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने भी शाहरुख को हार्दिक बधाई दी और उनकी अपकमिंग फिल्म के लिए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें जेनेलिया और रितेश शाहरुख खान को गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, हैप्पी बर्थडे शाहरुख खान, हम आपको बहुत-बहुत प्यार करते हैं और हमेशा करेंगे। मैं सच में 'किंग' के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। जल्द मिलते हैं- बड़ा सा हग।' खास बात यह है कि इस कपल का 'दिलवाले' एक्टर के साथ काफी अच्छा बॉन्ड है, जो आपसी सम्मान, पर्सनल मुलाकातों और कई यादगार पलों से बना है। वहीं, 2 नवंबर को 61 साल के हुए शाहरुख खान को फिल्म इंडस्ट्री के कई लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी। 'बादशाह' की को-स्टार दीपशिखा नागपाल ने भी सोशल मीडिया पर सुपरस्टार को विश किया। उन्होंने लिखा, हमारे एक और इकलौते किंग खान शाहरुख खान को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। आप ऐसे ही चमकते रहें और हर साल की तरह मेरी यही ख्वाहिश है कि



आपके साथ फिर से काम करूं। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने भी शाहरुख खान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर किंग खान की तस्वीर पोस्ट कर लिखा, जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

आलिया भट्ट ने छठी क्लास में शुरू कर दी थी डेटिंग

'कॉफी विद करण' पर सुनाया था वाकया



मुंबई । एक्ट्रेस आलिया भट्ट पॉपुलर चैट शो %कॉफी विद करण% में कई बार आ चुकी हैं। हालांकि, उन्होंने इस चैट शो में 2013 में अपने %स्टूडेंट ऑफ द ईयर% के को-स्टार्स सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन के साथ डेब्यू किया था। इस एंटरटेनिंग एपिसोड के दौरान, आलिया ने होस्ट और फिल्ममेकर करण जौहर समेत सभी को चौंका दिया, क्योंकि उन्होंने बताया कि उन्होंने क्लास 6 में डेटिंग शुरू कर दी थी। करण ने कहा कि वरुण ने उन्हें बताया कि आलिया के बचपन में कई यंग बॉयफ्रेंड थे।

हालांकि, इस पर मजाकिया अंदाज में आपत्ति जताते हुए आलिया ने कहा, ÷मैं इसे कोई सिलसिला नहीं कहूंगी, लेकिन मेरे (बॉयफ्रेंड) और सीरियस रिलेशनशिप थे, जैसे दो साल, (फिर) दो साल। करण ने इस बात पर हैरानी जताई कि आलिया 17 साल की उम्र तक दो सीरियस रिलेशनशिप में रह चुकी थीं। करण जौहर ने पूछा, आपने 10 साल की उम्र में डेटिंग शुरू कर दी थी? आलिया ने हंसकर जवाब देते हुए कहा, इसीलिए मैं कहती हूं कि यह कोई डोरी नहीं है। मैंने छठी क्लास में डेटिंग शुरू कर दी थी। जब हैरान करण ने उनसे पूछा, ÷क्या?÷, आलिया ने जवाब दिया, ÷लेकिन, जाहिर है कि यह डेटिंग नहीं थी। यह तो बस ऐसा था, जैसे हम क्लासरूम की दूसरी तरफ से एक-दूसरे को देखकर मुस्कुराते थे। वरुण ने फिर मजाक में कहा कि यह %आधा-आधा% था, जिस पर आलिया ने कहा, ÷कुछ भी आधा-अधूरा नहीं था। असल में मेरा पहला बॉयफ्रेंड 10वीं क्लास में था। यह बताते हुए कि यह एक सीरियस रिलेशनशिप था, आलिया ने कहा, ÷क्योंकि मैंने उसे दो साल तक डेट किया। वह मेरा पहला, हाई-स्कूल जैसा प्यार था। करण ने आलिया से यह भी पूछा कि क्या उन्होंने उन्हें इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि वह एक्टर बनना चाहती थीं। इस बात से इनकार करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, %%नहीं, उन्होंने मुझे छोड़ दिया। आलिया की लव लाइफ की बात करें तो उन्होंने कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद 14 अप्रैल, 2022 को एक्टर रणबीर कपूर से शादी कर ली। नवंबर 2022 में इस लवबर्ड्स ने अपनी बेटी राहा कपूर का स्वागत किया।

बचपन की फोटो वाली टी-शर्ट पहनकर अनन्या ने शनाया को किया बर्थडे विश



मुंबई । अभिनेता संजय कपूर और पत्नी महीप कपूर की लाडली और अभिनेत्री शनाया कपूर सोमवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर उनकी बेस्ट फ्रेंड और अभिनेत्री अनन्या पांडे ने उन्हें बधाई दी। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक मिरर सेल्फी शेयर की, जिसमें वह काली टी-शर्ट पहने नजर आ रही हैं, जिस पर छोटी शनाया की तस्वीर छपी है। उन्होंने इस कैजुअल आउटफिट के साथ बेज कलर का बॉटम और ब्राइट पिंक हैंडबैग कैरी किया है। एक और सोशल मीडिया स्टोरी में अनन्या ने शनाया के बर्थडे सेलिब्रेशन की झलक दिखाई। इसमें बर्थडे गर्ल ब्लैक ऑफ-शोल्डर आउटफिट में एक सिंगल कैंडल वाले केक की तरफ झुकती हुई नजर आई। अपनी दोस्त को विश करते हुए अनन्या ने लिखा, ÷लव ऑफ माय लाइफ, हैप्पी बर्थडे माय शनाया पपाया। फोटो शेयर करते हुए अनन्या ने लिखा, बिना कहे बताओ कि तुम्हारी बेस्ट फ्रेंड का बर्थडे है। बता दें, अनन्या और शनाया बचपन से ही करीबी दोस्त हैं। उनकी माताएं, भावना पांडे और महीप कपूर भी दशकों से अच्छी दोस्त हैं और उनके बीच गहरा बॉन्ड है। अभिनेता संजय कपूर ने भी बेटी शनाया को जन्मदिन की बधाई देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें शनाया के बचपन से लेकर अभी तक की बहुत सारी वीडियो शामिल हैं। संजय कपूर ने लिखा, जन्मदिन की बधाई हो, शनाया कपूर। शनाया कपूर ने वर्ष 2020 की फिल्म गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया था। इसके बाद वह नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय रियलिटी शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में भी नजर आई थीं।

'वीडियो का मकसद जागरूकता फैलाना था', दीपावली संदेश से जुड़े विवाद के बीच दीया मिर्जा की सफाई



मुंबई । बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के प्रदूषण कम करने वाले जागरूकता अभियान में शामिल अभिनेत्री दीया मिर्जा के वीडियो को लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। इसी बीच दीया मिर्जा का वीडियो बीएमसी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया। इस पूरे विवाद के बीच अब दीया मिर्जा ने आईएएनएस को अपना बयान दिया है। दीया मिर्जा ने आईएएनएस से कहा, %%दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और निराशा पर आशा की जीत का उत्सव है। यह वीडियो लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रिकॉर्ड किया गया था, ताकि उन्हें अधिक स्वस्थ और सोच-समझकर त्योहार मनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। वायु प्रदूषण जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक मुद्दा है और इसे कम करने की दिशा में किया गया हर प्रयास सभी के लिए बेहतर पर्यावरण की ओर एक कदम है।%% दरअसल, मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच बीएमसी ने दीपावली से पहले लोगों को प्रदूषण कम करने के लिए जागरूक करने का अभियान शुरू किया था। इस अभियान के तहत कुछ वीडियो जारी किए गए थे, जिनमें दीया मिर्जा के अलावा अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे भी नजर आए थे। इन वीडियो के जरिए लोगों से पटाखों का इस्तेमाल कम करने और पर्यावरण का ध्यान रखते हुए दीपावली मनाने की अपील की गई थी। हालांकि, दीया मिर्जा का वीडियो सामने आने के बाद इस पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम ने अभिनेत्री के वीडियो पर आपत्ति जताई और कहा कि लोगों को दीपावली मनाने के तरीके के बारे में दीया मिर्जा से सीख लेने की जरूरत नहीं है। भारतीय परंपराओं में दीपावली का खास महत्व है और लोगों को अपने त्योहारों के बारे में अच्छी तरह पता है। विवाद बढ़ने के बाद बीएमसी ने दीया मिर्जा का वीडियो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटा दिया। हालांकि, निगम की ओर से वीडियो हटाने की कोई सार्वजनिक वजह नहीं बताई गई।

CMYK

page 7_Layout 1 02-11-2026 19:00 Page 1

दिल्ली-एनसीआर में दीपावली पर 7 और 8 नवंबर को जला सकेंगे ग्रीन पटाखे, सुप्रीम कोर्ट ने दी सीमित छूट

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दीपावली पर दिल्ली-हृष्टक्र के लोगों को पटाखे जलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने कुछ सख्त शर्तों के साथ 7 और 8 नवंबर 2026 को प्रमाणित ग्रीन पटाखे जलाने की अनुमति दे दी है। हालांकि, यह छूट केवल तय समय के लिए होगी। 9 नवंबर से क्षेत्र में पटाखों पर पहले से लागू पूर्ण प्रतिबंध फिर प्रभावी हो जाएगा। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने 29 अक्टूबर को दिए आदेश में ग्रीन पटाखों के सीमित निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल की इजाजत दी। अदालत का उद्देश्य दिल्ली-हृष्टक्र में वायु प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए दीपावली की परंपराओं और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना है। सुबह और शाम तय समय पर ही जला सकेंगे पटाखे सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, 7 और 8 नवंबर को सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे जलाए जा सकेंगे। अस्पतालों, नर्सिंग होम, स्वास्थ्य केंद्रों, वृद्धाश्रमों, शिक्षण संस्थानों और अधिसूचित शांत क्षेत्रों के 300 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने की अनुमति नहीं होगी। इन इलाकों को नो-क्रैकर जोन घोषित किया जाएगा। अदालत ने स्पष्ट किया है कि सिर्फ CSIR-NEERI से प्रमाणित और PESO से अनुमोदित ग्रीन पटाखों का ही निर्माण और बिक्री की जा सकेगी। इनका निर्माण 2 से 6 नवंबर तक होगा।

प्रदूषण की निगरानी करेंगे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को 2 से 30 नवंबर तक वायु गुणवत्ता पर नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा दीपावली के बाद अस्पतालों में प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या और संभावित मौतों का आंकड़ा भी जुटाने को कहा गया है। अदालत के आदेश के अनुसार, 9 नवंबर 2026 से पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध फिर लागू हो जाएगा। संबंधित राज्यों को 14 दिसंबर तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। मामले में अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

अमेरिका में हैलोवीन वीकेंड पर गोलीबारी से दहला देश, अलग-अलग घटनाओं में 6 लोगों की मौत, दर्जनों घायल

डेली आवाज भारती





अमेरिका। अमेरिका में हैलोवीन वीकेंड के दौरान अलग-अलग शहरों में हुई गोलीबारी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देशभर में हुई हिंसक वारदातों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। कई घटनाएं नाइटलाइफ और भीड़भाड़ वाले इलाकों में हुईं। टेक्सास के डलास शहर के डीप एलम इलाके में हुई कई गोलीबारी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस जांच कर रही है कि करीब 75 मिनट के भीतर हुई तीन अलग-अलग घटनाओं का आपस में कोई संबंध था या नहीं। मामले में कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं, हालांकि गोलीबारी के पीछे का मकसद अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। अलबामा के बर्मिंघम में दो गोलीबारी की घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत और आठ लोग घायल हुए।डेलावेयर विश्वविद्यालय के निकट न्यूड्डह्य में छह लोगों को गोली लगी। इलिनॉय के ब्लूमिंगटन में गोलीबारी के दौरान 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ।

कैलिफोर्निया में गर्भवती महिला की हत्या

कैलिफोर्निया के फेयरफील्ड में स्पिरिट हैलोवीन स्टोर के बाहर हुए लक्षित हमले में 31 वर्षीय गर्भवती महिला की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हुए। मिशिगन के मैडिसन हाइट्स में भी इसी प्रकार की घटना में 21 वर्षीय युवक की जान चली गई। अमेरिकी पुलिस विभिन्न घटनाओं की जांच कर रही है। कई मामलों में हमलावरों और गोलीबारी के कारणों की जानकारी अभी सामने आनी बाकी है।

'ठीक से नहीं किया गया', रिजिजू का दावा, कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन की रैली में जुटी भीड़ की 'एआई फोटो' बनाई

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को दावा किया कि कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को हुई %इंडिया% गठबंधन की रैली में भारी भीड़ दिखाने के लिए एआई से बनाई गई तस्वीर का इस्तेमाल किया। उन्होंने पार्टी पर आरोप लगाया कि वह भीड़ की संख्या को लेकर लोगों को गुमराह करने के लिए एआई का सहारा ले रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिजिजू ने लिखा कि कांग्रेस पार्टी की %फर्जी नैरेटिव% फैलाने वाली टीम ने रामलीला मैदान के भरे होने को दिखाने के लिए जो एआई फोटो बनाई है, उसे भी ठीक से नहीं बना पाई। रिजिजू ने एक तस्वीर भी शेयर की, जिसमें तेलंगाना के एक कांग्रेस सांसद द्वारा पोस्ट की गई फोटो शामिल थी। इस फोटो में विपक्ष की रैली में भारी भीड़ दिखाई गई थी। एक्स पर कई यूजर्स ने भी इस तस्वीर पर सवाल उठाए और इसे एआई से बनाई गई फोटो बताया। इसमें रैली के मंच पर राहुल गांधी और सोनिया गांधी की एआई जनरेटेड तस्वीरें थीं, जो असल मंच से काफी अलग दिख रही थी। यह विवाद तब सामने आया, जब भाजपा और कांग्रेस के बीच %इंडिया% गठबंधन की %चलो दिल्ली% रैली में शामिल लोगों की संख्या को लेकर बहस छिड़ गई। यह रैली मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर आयोजित की गई थी। रविवार को भाजपा ने इस रैली को %फ्लॉप शो% करार दिया और दावा किया कि वहां मौजूद भीड़ विपक्ष के दावों के आसपास भी नहीं थी। भाजपा ने कांग्रेस के इस दावे को चुनौती दी कि रैली में 10 लाख लोग आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और इस वंशवादी पार्टी के अन्य नेता रामलीला मैदान को भी नहीं भर पाए। रैली के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कार्यक्रम स्थल का एक वीडियो दिखाया और दावा किया कि रामलीला मैदान का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा खाली था।

पात्रा ने कहा कि आप बैकग्राउंड में देख सकते हैं कि रामलीला मैदान का 40 प्रतिशत हिस्सा खाली था। जबकि राहुल गांधी और पवन खेड़ा जैसे कांग्रेस नेताओं ने दावा किया था कि 10 लाख लोग आएंगे। उन्होंने आगे दावा किया कि वहां लगाई गई 28,000 कुर्सियों में से, दोपहर 3:30 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच लगभग 5,000 से 7,000 कुर्सियां खाली थी। कांग्रेस के 10 लाख लोगों के आने के दावे की असल सच्चाई यही है। मतदाता सूचियों के %विशेष गहन पुनरीक्षण% को लेकर कांग्रेस के आरोपों का जिक्र करते हुए पात्रा ने कहा कि वे लगातार कहते रहते हैं कि %वोट हटा दिए गए हैं%। राहुल गांधी ने दावा किया था कि आज उनके 10 लाख मतदाता मौजूद होंगे। लेकिन कुल हिसाब-किताब क्या कहता है।

कनाडा के टोरंटो में कारोबारी के घर हथियारबंद बदमाशों का हमला

परिवार के चार सदस्य घायल, एक आरोपी पर देशव्यापी वारंट जारी

डेली आवाज भारती



टोरंटो (कनाडा)। कनाडा के टोरंटो शहर के पॉश ब्राइडल पाथ इलाके में एक कारोबारी के घर घुसकर हथियारबंद बदमाशों ने परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के दौरान बदमाशों ने बंदूक और हथौड़े का इस्तेमाल किया। हमले में परिवार के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें तीन को गोली लगी। पुलिस के मुताबिक सभी घायलों के बचने की उम्मीद है, हालांकि दो सदस्यों को गंभीर और जीवन बदल देने वाली चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, 29 अक्टूबर की सुबह करीब 3:40 बजे तीन नकाबपोश आरोपी हाइड पार्क सर्कल स्थित घर में पीछे के दरवाजे से दाखिल हुए। आरोपियों के पास हथियार और हथौड़ा था। घर में मौजूद कारोबारी, उनकी पत्नी और दो बेटियों से आरोपियों ने कीमती सामान की मांग की। इसके बाद परिवार और हमलावरों के बीच संघर्ष हुआ, जिसके दौरान कई गोलियां चलाई गईं। हमले में पिता और उनकी दोनों बेटियों को गोली लगी, जबकि परिवार के सदस्यों पर हथौड़े से भी हमला किया गया। चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। टोरंटो पुलिस ने 23 वर्षीय दाइजोहन रिचर्ड्स की पहचान एक संदिग्ध के रूप में की है। पुलिस का कहना है कि हमले के दौरान उसे भी दाहिने कंधे में गोली लगी थी, जो कथित तौर पर उसके ही साथी द्वारा गलती से चली थी। वह उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा था, लेकिन पुलिस द्वारा मामले से उसका संबंध स्थापित किए जाने से पहले उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कनाडा-व्यापी गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले में दो अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हथियारबंद और खतरनाक बताया है।

टोरंटो में बढ़ रही घरों में घुसकर लूट की घटनाएं

पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2026 में टोरंटो में अब तक 119 होम इन्वेजन यानी घरों में घुसकर हमला या लूट की घटनाएं दर्ज की गई हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 32 प्रतिशत से अधिक है। इस घटना ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

अयोध्या पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह, नई शिक्षा नीति और इंडिया ब्लॉक की रैली पर दिया बयान

डेली आवाज भारती




अयोध्या। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह सोमवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए छात्र संसद, ग्रामीण इलाकों में नई शिक्षा नीति के प्रभाव, राम मंदिर आंदोलन के दौरान 2 नवंबर 1990 को हुई गोलीबारी, भाजपा राज्य कार्यकारिणी समिति में अपनी नई जिम्मेदारी और दिल्ली में इंडी गठबंधन की रैली पर बात की। उन्होंने कहा, 'बच्चे छात्र संसद पहले वाराणसी में करने जा रहे थे, लेकिन वहां जगह की समस्या हुई, तो वह हमसे मिलने आए। फिर हमने कहा कि अगर वाराणसी में नहीं हो पा रहा है, तो अयोध्या में कर लो। इससे हमारे क्षेत्र के भी बच्चे उससे शामिल होंगे। उनको भी कुछ सीखने का मौका मिलेगा।÷ उन्होंने बताया कि छात्र संसद का टॉपिक नई शिक्षा नीति है। नई शिक्षा नीति के कारण शहरों में क्या स्थिति है, हम नहीं जानते, लेकिन ग्रामीण अंचल में शिक्षा पर इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। स्कूल खुले हैं, टीचर हैं, लेकिन पढ़ने वाले सब गायब हैं।

राम मंदिर आंदोलन के दौरान 2 नवंबर 1990 को गोलीबारी हुई थी। इस पर उन्होंने कहा कि इसमें तो हम लोग भी पीड़ित हैं। इसको हमेशा याद किया जाएगा, लेकिन अब राम मंदिर बन गया है। 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव कैसा रंग दिखाएगा, इस पर उन्होंने कहा कि 2027 का यूपी चुनाव बहुत अच्छा होगा। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित गठबंधन की रैली को लेकर उन्होंने कहा, ÷रैलियां खत्म हो चुकी हैं। बता दें कि 'इंडिया' ब्लॉक के 'चलो दिल्ली' मार्च को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन दिल्ली के रामलीला मैदान में 10 लाख लोगों को जुटाने का अपना लक्ष्य हासिल करने में विफल रहा और रैली में बहुत कम लोग पहुंचे, हालांकि विपक्ष ने मौर्य पर पलटवार

राहुल गांधी की SIR के खिलाफ मुहिम को जनता का समर्थन मिल रहा है: सीएम सुक्खू

शिमला: हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली को लेकर कहा कि विपक्ष का काम जनता की आवाज उठाना है और लोकतंत्र में रैलियों व आंदोलनों के जरिए अपनी बात रखना इसकी महत्वपूर्ण विशेषता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित रैली में लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए। उन्हें खुशी है कि जनता यह समझ रही है कि राहुल गांधी स्ढ्ढक्रके जरिए कथित धांधली को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस रैली में शामिल होने के लिए हिमाचल प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग दिल्ली पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की आवाज को उठाना विपक्ष की जिम्मेदारी है और लोकतंत्र में ऐसे आयोजनों के जरिए लोगों को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है।



जब भी समाजवादी पार्टी सत्ता में आई, यूपी में तबाही लाई: सीएम योगी

डेली आवाज भारती



गोंडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा जब भी सत्ता में आई, उत्तर प्रदेश में तबाही लाई। उसके शासन में दंगे, कर्फ्यू और अपराध का बोलबाला था। पर्व-त्योहारों से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे। गरीबों के हक और नौजवानों के रोजगार पर डकैती डाली जाती थी। बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा खतरे में रहती थी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब प्रदेश में दंगा और कर्फ्यू नहीं है। लोग निर्भय होकर त्योहार मना रहे हैं। सपा और कांग्रेस अपराधियों को प्रश्रय देती हैं, जबकि भाजपा सरकार बदलाव लाती है और आस्था को सम्मान देती है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को गोंडा के छपिया विकासखंड की ग्राम पंचायत तेजपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गौरा और मनकापुर विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी 520 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 69 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सड़क, शिक्षा और सेतु से जुड़ी इन परियोजनाओं के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, स्वीकृति पत्र और अन्य सामग्री भी वितरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कोई सनातन धर्मावलंबी अपने घर में मां दुर्गा की पूजा करता था तो कोई सपाई और कोई कसाई उसका विरोध करते हुए शिकायत करता था। इसके बाद लखनऊ में बैठी समाजवादी पार्टी की सरकार पूजा पर रोक लगा देती थी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नवरात्र में प्रदेशभर में 67 हजार दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित हुईं। किसी सपाई और किसी कसाई को परेशानी होती है तो अपने घर में शोक मनाएं, लेकिन किसी को परेशान न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कांवड़ यात्रा में बाधाएं खड़ी की जाती थीं, जबकि अब गाजियाबाद से हरिद्वार के बीच साढ़े चार करोड़ श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने दो नवंबर 1990 की घटना याद दिलाते हुए कहा कि इसी दिन अयोध्या में तत्कालीन सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उन्होंने कहा कि सपा ने रामभक्तों को गोलियों से लहूलुहान किया, जबकि भाजपा सरकार ने रामभक्तों पर पुष्पवर्षा कर राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले विकास का मतलब केवल सैफई था। अब सभी 75 जिलों तक योजनाएं पहुंच रही हैं। गोंडा के लिए साढ़े नौ वर्षों में 16 हजार करोड़ रुपए से अधिक और पूरे देवीपाटन मंडल के लिए लगभग 50 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। वर्ष 2023 में गोंडा को तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें कई परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पहले गोंडा की सड़कें बदहाल थीं और क्षेत्र पिछड़ेपन से जूझ रहा था। अब गोंडा में महाराजा देवी बख्श सिंह मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय है। बहराइच में महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज बन चुका है, जबकि बलरामपुर में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज का निर्माण अंतिम चरण में है। गोंडा-अयोध्या और बलरामपुर-गोंडा मार्ग के चौड़ीकरण को केंद्र से मंजूरी मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छह महीने में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने की कार्ययोजना तैयार है। अब तक 12 से 15 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। इसी सप्ताह साढ़े चार हजार दारोगाओं, दीपावली के बाद 35 हजार पुलिस कांस्टेबलों और उसके बाद 42 हजार होमगार्डों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। शिक्षकों और अन्य विभागों में भी भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ रही है।

वोट बचाने की लड़ाई में हिमाचल कांग्रेस ने दिखाई ताकत, 201 बसें और 500 वाहन लेकर दिल्ली पहुंचा संगठन

राहुल गांधी की महारैली में सीएम सुक्खू समेत मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों की मौजूदगी; 15 हजार कार्यकर्ताओं के पहुंचने का दावा, एसआईआर और मतदाता सूची पर छिड़ी सियासी जंग

डेली आवाज भारती



शिमला/नै दिल्ली : हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित %वोट बचाओ, देश बचाओ% महारैली में अपनी सांगठनिक ताकत का प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में रविवार को हुई इस महारैली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश मंत्रिमंडल के अधिकांश मंत्री, कांग्रेस विधायक और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। पार्टी का दावा है कि हिमाचल से करीब 15 हजार कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। इस महारैली को केवल एक राजनीतिक जुटान के तौर पर नहीं, बल्कि मतदाता सूची, चुनाव प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। हिमाचल कांग्रेस ने इसमें बड़ी भागीदारी सुनिश्चित कर यह संदेश देने की कोशिश की कि पार्टी का प्रदेश संगठन केंद्रीय नेतृत्व के साथ मजबूती से खड़ा है। हालांकि, इस राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वोट चोरी के आरोपों को लेकर उठाई गई आवाज चुनाव सुधारों की दिशा में कोई ठोस नतीजा भी दे पाएगी? दिल्ली महारैली के लिए हिमाचल कांग्रेस ने व्यापक परिवहन व्यवस्था की। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, प्रदेश से कुल 201 बसें दिल्ली के लिए रवाना हुईं। इनमें करीब 30 बसें हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बताई गई हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से करीब 500 अन्य वाहनों की व्यवस्था की गई थी। रैली से पहले प्रदेश कांग्रेस ने 10 से 15 हजार कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। संगठन महासचिव विनोद जिंटा के अनुसार, करीब 15 हजार लोग महारैली में शामिल होने पहुंचे।इस जुटान में केवल बड़े नेताओं की भागीदारी ही नहीं, बल्कि जिला और ब्लॉक स्तर के संगठन, महिला कार्यकर्ताओं, युवा संगठनों और पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं को भी शामिल करने पर जोर दिया गया। रैली के लिए प्रदेश के अलग-अलग जिलों से कार्यकर्ताओं को जुटाने की जिम्मेदारी संगठनात्मक पदाधिकारियों को सौंपी गई थी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महारैली में भागीदारी करते हुए कहा कि वोट चोरी के खिलाफ पूरा देश एकजुट है और लोकतंत्र पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, संविधान और जनता के मताधिकार की रक्षा के संकल्प के साथ देशभर से इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं। हिमाचल के हजारों कार्यकर्ताओं की भागीदारी भी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।मुख्यमंत्री कांग्रेस मुख्यालय से रामलीला मैदान जाते समय तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन के साथ भी नजर आए। कांग्रेस इस मंच के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को लेकर विपक्ष की चिंताओं को राष्ट्रीय मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। महारैली में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के नाम पर बड़ी संख्या में नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित किया गया है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जवाबदेह ठहराने की मांग उठाई। कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा चुनाव सुधारों की जरूरत पर जोर दिया। हालांकि, मतदाता सूची से नाम हटने के कांग्रेस के आरोपों और उनके कारणों का स्वतंत्र सत्यापन जरूरी है।

भाजपा के खिलाफ जन आंदोलन बनाने की कोशिश

प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव विनोद जिंटा ने महारैली को भाजपा के खिलाफ जन आंदोलन की शुरुआत बताया। कांग्रेस का आरोप है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता प्रभावित हो रही है। पार्टी इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने की तैयारी में है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने भी हिमाचल से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के दिल्ली पहुंचने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने विशेष रूप से महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी का उल्लेख किया। महारैली में कांग्रेस के साथ विपक्षी गठबंधन के अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने इसे व्यापक राजनीतिक मंच का रूप दिया।

CMYK

page 8_Layout 1 02-11-2026 21:40 Page 1

खन्ना में एएसआई पर नशीला पदार्थ रखने का आरोप, पुलिस विभाग ने किया सस्पेंड


शिवसेना पदाधिकारी के घर नशीला पदार्थ रखने का मामला, सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद एसआईटी गठित



डेली आवाज भारती

खन्ना। पंजाब के खन्ना में पुलिस विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। एक एएसआई पर शिवसेना के एक पदाधिकारी के घर में कथित तौर पर नशीला पदार्थ रखने का आरोप लगा है। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने संबंधित स्टाफ को निलंबित कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच के लिए विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया है। पुलिस अधिकारियों की ओर से मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तथ्यों को जांच का हिस्सा बनाया गया है। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब जांच के जरिए यह स्पष्ट किया जाएगा कि घटनास्थल पर वास्तव में क्या हुआ और संबंधित पुलिस कर्मचारी की इसमें क्या भूमिका रही। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही मामले की पूरी सच्चाई सामने आ सकेगी।

मोहाली में बनेगा 300 टन क्षमता वाला वेस्ट-टू-सीबीजी प्लांट, कचरे से तैयार होगी बायोगैस



डेली आवाज भारती

मोहाली। पंजाब में कचरा प्रबंधन को आधुनिक बनाने और पर्यावरण प्रदूषण कम करने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मोहाली में प्रतिदिन 300 टन गीले कचरे की क्षमता वाला वेस्ट-टू-कंप्रेस्ड बायोगैस (CBG) प्लांट स्थापित करने की योजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के तहत शहरों से निकलने वाले गीले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा किया जाएगा और उससे कंप्रेस्ड बायोगैस तैयार की जाएगी। इससे कचरे के ढेर कम करने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। यह प्लांट मोहाली, जीरकपुर, खरड़, नयागांव, डेराबस्सी, कुराली, लालडू, बनूड़ और घरुआं सहित 9 शहरी निकायों के कचरे को प्रोसेस करेगा। इसके अलावा प्रतिदिन 15 से 20 टन गोबर भी इस्तेमाल किया जाएगा। इस परियोजना को HPCL Renewable and Green Energy Limited स्थापित करेगी। इसके लिए समगौली गांव में 15 से 20 एकड़ जमीन प्रस्तावित है। प्लांट शुरू होने से कचरे के निपटारे की समस्या कम होने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

खास बातः यह परियोजना एक दशक से अधिक समय से लंबित थी। अब कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसके आगे बढ़ने का रास्ता साफ हुआ है।

पंजाब में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 69 हजार से अधिक एफआईआर दर्ज

- 90 हजार से ज्यादा आरोपी गिरफ्तार, नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए पुलिस का अभियान जारी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सामने आए आंकड़ों के अनुसार राज्य में अब तक नशा तस्करी से जुड़े मामलों में 69,101 स्ह्रढ्रक्र दर्ज की गई हैं, जबकि 90,091 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस की ओर से नशे की सप्लाई चेन को तोड़ने और तस्करी के नेटवर्क पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान नशा तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ अवैध संपत्तियों की भी जांच की जा रही है। सरकार और पुलिस प्रशासन का कहना है कि पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

पंजाब के ग्रस्ज्ञ संग्रह में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी, अक्टूबर में जुटाए 2716.60 करोड़ रुपये



- वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने दी जानकारी, पिछले साल के मुकाबले राजस्व में हुआ इजाफा

चंडीगढ़। पंजाब सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्टूबर 2026 के दौरान राज्य का सकल जीएसटी संग्रह 2716.60 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा 2393.22 करोड़ रुपये था। इस तरह जीएसटी संग्रह में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्री के अनुसार एसजीएसटी नकद संग्रह में भी 28.29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने इसे राज्य में राजस्व वसूली में सुधार और आर्थिक गतिविधियों में तेजी का संकेत बताया है। सरकार का कहना है कि कर संग्रह को मजबूत बनाने और राजस्व चोरी रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

लुधियाना में एनआरआई महिला की चाकू मारकर हत्या, तीन दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया से लौटी थी भारत



- विकास नगर इलाके में घर से मिला महिला का शव, पति पर जताया जा रहा शक; पुलिस जांच में जुटी

डेली आवाज भारती

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शहर के विकास नगर इलाके में एक ह्रञ्ज्ञ महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान कमलजीत कौर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह करीब तीन दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटी थी। महिला का शव घर में मिलने के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरुआती जानकारी के अनुसार महिला के पति पर शक जताया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस की जांच के बाद ही हत्या के कारणों और घटना से जुड़ी पूरी जानकारी सामने आ सकेगी।

मोहाली में नशा तस्करों पर पुलिस का बड़ा शिकंजा, 20.10 करोड़ की संपत्ति फीज

- 25 संपत्तियों पर हुई कार्रवाई, नशे के अवैध कारोबार से बनाई गई संपत्ति पर प्रशासन की सख्ती

डेली आवाज भारती



मोहाली। पंजाब में नशा तस्करी के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत मोहाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़ी करीब 20.10 करोड़ रुपये की 25 संपत्तियों को फ्रीज किया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य नशे के अवैध कारोबार से कमाई गई संपत्ति पर रोक लगाना और तस्करी के नेटवर्क को आर्थिक रूप से कमजोर करना है। पुलिस की इस कार्रवाई से नशा कारोबार में शामिल लोगों को कड़ा संदेश दिया गया है कि अवैध कमाई से बनाई गई संपत्ति को भी जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। पंजाब पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ अभियान लगातार तेज किया जा रहा है।

डीए बकाया मामले में पंजाब के मुख्य सचिव पर हाईकोर्ट सख्त, लगाया एक लाख रुपये जुर्माना

- 3 नवंबर को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश, सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते से जुड़ा है मामला

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते (DA) के बकाया भुगतान से जुड़े मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने मामले में जवाब दाखिल नहीं करने पर पंजाब के मुख्य सचिव पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने मुख्य सचिव को 3 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं। यह मामला लंबे समय से लंबित महंगाई भत्ते के बकाया भुगतान से संबंधित है। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों की ओर से DA के बकाया भुगतान की मांग उठाई जा रही है। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद अब इस मामले में अगली सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

पंजाब की 37.43 लाख महिलाओं के खातों में पहुंचे 1,291 करोड़ रुपये



- मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत महिलाओं को मिली आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दी जानकारी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब सरकार की ओर से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत बड़ी संख्या में महिलाओं को आर्थिक सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान के अनुसार राज्य की 37.43 लाख महिलाओं के बैंक खातों में कुल 1,291 करोड़ रुपये की सम्मान राशि ट्रांसफर की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है। सरकार का कहना है कि महिलाओं के कल्याण के लिए शुरू की गई योजनाओं का लाभ सीधे उनके बैंक खातों तक पहुंचाया जा रहा है। इस पहल को राज्य में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

पंजाब में जिस पुलिस पर नशा पकड़ने की जिम्मेदारी, उसी पर नशा रखने के आरोप! सीसीटीवी ने खोली पोल

महंत कश्मीर गिरी के घर से 30 ग्राम हेरोइन बरामद होने का दावा

- फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठे
- महंत को रिहा, जबकि पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव सस्पेंड किया

डेली आवाज भारती



लुधियाना। लुधियाना के खन्ना में पुलिस की नशे के खिलाफ कार्रवाई उस समय विवादों में आ गई, जब एक घर में हेरोइन रखने और बरामदगी को लेकर सीसीटीवी फुटेज सामने आ गई। पुलिस ने महंत कश्मीर गिरी के घर से 30 ग्राम हेरोइन बरामद होने का दावा करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया था लेकिन घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। मामला स्स्क डॉ. दर्पण अहलूवालिया के संज्ञान में आने के बाद पुलिस विभाग ने कार्रवाई की है। महंत को रिहा, जबकि पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव सस्पेंड कर दिया है। वायरल सीसीटीवी फुटेज में एक पुलिसकर्मी सिविल वर्दी में घर के अंदर जाता दिखाई दे रहा है। फुटेज में वह बेड के गद्दे के नीचे कुछ रखता नजर आ रहा है। इसके बाद वह घर से बाहर निकल जाता है। कुछ समय बाद पुलिस की टीम घर में दाखिल होती है और हेरोइन बरामद होने का दावा करते हुए महंत कश्मीर गिरी को गिरफ्तार कर लेती है। CCTV फुटेज सामने आने के बाद पुलिस की बरामदगी की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे। SSP डॉ. दर्पण अहलूवालिया ने तत्काल संज्ञान लिया। महंत कश्मीर गिरी को बीती रात ही रिहा कर दिया। वहीं, CCTV फुटेज में संदिग्ध गतिविधि में दिखाई देने वाले पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच के लिए ह्रस्क्र रैंक के अधिकारी की अगुवाई में विशेष जांच टीम (SIT) गठित की गई है। टीम पूरे घटनाक्रम की जांच करेगी और सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसएसपी बोले- पुलिसकर्मी की गलती बर्दाश्त नहीं होगी

एसएसपी डॉ. दर्पण अहलूवालिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो के बाद मामले में कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पुलिसकर्मी की गलत हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के दौरान पुलिस की जवाबदेही सबसे महत्वपूर्ण है। अगर कोई नशा तस्करी में शामिल पाया जाता है या कोई पुलिसकर्मी इस तरह की गतिविधि में संलिप्त मिलता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

मानसा में दलजीत और झोटा के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद जारी, समर्थकों का विरोध बरकरार



- परिजनों और समर्थकों ने उठाए सवाल, मामले में न्याय की मांग को लेकर धरना जारी

डेली आवाज भारती

मानसा। पंजाब के मानसा में दलजीत और झोटा के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद लगातार बना हुआ है। मामले को लेकर परिजनों और समर्थकों में रोष है। वे घटना से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार को लेकर सहमति नहीं बन पाने के कारण गतिरोध बना हुआ है। इस मामले ने इलाके में तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है। समर्थकों की ओर से धरना और विरोध जारी रखने की बात कही जा रही है। मामले को लेकर कानूनी प्रक्रिया पर भी सभी की नजरें टिकी हुई हैं। परिजनों की मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

कोटकपूरा में ट्रैक्टर से गिरकर व्यक्ति की मौत, धान की फसल मंडी ले जाते समय हुआ हादसा

- हादसे के बाद परिवार में छाया मातम, घटना को लेकर इलाके में शोक की लहर

डेली आवाज भारती



कोटकपूरा। पंजाब के कोटकपूरा क्षेत्र में धान की फसल मंडी ले जाते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर से गिरने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक किसान के साथ धान की फसल लेकर मंडी जा रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर संबंधित लोग मौके पर पहुंचे। इस दुखद घटना से मृतक के परिवार और इलाके में शोक का माहौल है।धान के सीजन के दौरान कृषि कार्यों में ट्रैक्टर और ट्रॉलियों का इस्तेमाल बढ़ जाता है। ऐसे में वाहन चलाते समय और सफर के दौरान सावधानी बरतना बेहद जरूरी है।

गुरुद्वारा मंजी साहिब गोलीकांड का मुख्य शूटर गिरफ्तार

200 किलोमीटर के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने सुलझाई वारदात

- 28 अक्टूबर को तड़के गुरुद्वारा साहिब में हुई थी फायरिंग, मुख्य सेवादार को ब्लैकमेल करने के लिए रची गई थी साजिश

डेली आवाज भारती

28 अक्टूबर को तड़के गुरुद्वारा साहिब में हुई थी फायरिंग, मुख्य सेवादार को ब्लैकमेल करने के लिए रची गई थी साजिश



लुधियाना। पंजाब के लुधियाना जिले के गांव राजोआणा कलां स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा मंजी साहिब में हुई फायरिंग की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लुधियाना देहात पुलिस ने मुख्य शूटर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राज सिंह उर्फ राजू निवासी गांव नूरपुर, माछीवाड़ा, जिला फिरोजपुर के रूप में हुई है। पुलिस उसके दूसरे साथी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार 28 अक्टूबर की सुबह करीब 3:10 बजे मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश व्यक्ति गुरुद्वारा साहिब परिसर में दाखिल हुए और मुख्य सेवादार संत बाबा बलदेव सिंह के कमरे पर गोलियां चलाई। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए लुधियाना देहात पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस की टीमों ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपियों के आने-जाने वाले करीब 200 किलोमीटर के रास्ते पर लगे ष्टष्ठङ्घ कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी जांच और मानवीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस मुख्य शूटर तक पहुंचने में सफल रही।

ब्लैकमेल करने के लिए दी जा रही थीं धमकियां

पुलिस की प्रारंभिक जांच और पूछताछ में सामने आया है कि गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार को ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से धमकियां दी जा रही थीं। इसी साजिश के तहत फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है और फरार दूसरे शूटर की तलाश जारी है। एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम इस मामले की आगे जांच कर रही है।

CMYK